तापमान
अधिकतम 25.4 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 23 दिसंबर 2023

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया




छत्तीसगढ़ सब इंस्पेक्टर परीक्षा का रिजल्ट जारी करने शुक्रवार को प्रतिभागियों ने गांधी चौक से शांतिपूर्वक रैली निकाली।

# मंत्री पद से फिर चूक गई न्यायधानी, साव के इर्द-गिर्द घूमेगी तीन जिलों की राजनीति

## पिछली कांग्रेस सरकार में भी उपेक्षित रहा क्षेत्र, अमर, धरम, धर्मजीत, सुशांत किसी को नहीं मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा की नई सरकार तो बन गई, किन्तु मंत्रिमंडल में न्यायधानी को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। मंत्रिमंडल में जिले के किसी विधायक का नाम नहीं है। लोरमी विधायक अरुण साव जरूर उपमुख्यमंत्री बनाए गए हैं, उनके अलावा और किसी को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने से यह तय हो गया है कि इस क्षेत्र की राजनीति श्री साव के आसपास ही घूमेगी।

बिलासपुर जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों में से चार विधानसभा क्षेत्र बिलासपुर, बिल्हा, बेलतरा व तखतपुर में भाजपा प्रत्याशियों को जीत हासिल हुई है, कोटा और मस्तूरी में कांग्रेस प्रत्याशी जीते हैं। भाजपा सरकार बनने के बाद माना जा रहा था कि 4 भाजपा विधायक वाले जिले से कम से कम बिलासपुर विधायक, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल और बिल्हा विधायक एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। नए चेहरों को शामिल करने की चर्चा के बीच धर्मजीत सिंह व सुशांत शुक्ला को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने की चर्चा थी लेकिन इनके समर्थकों में भी निराशा है।

### अमर तीन बार रह चुके मंत्री पांच बार विधायक

अमर अग्रवाल अविभाजित मध्य प्रदेश के समय सन 1998 में पहली बार बिलासपुर विधानसभा से विधायक बने थे। उसके बाद 2003 के चुनाव



जीतने के बाद डा. रमन सिंह की भाजपा सरकार में वे वित्त, वाणिज्यिक कर, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, नगरीय प्रशासन एवं उद्योग मंत्री बनाए गए थे। 2008 के चुनाव जीतने के बाद वे दूसरी बार मंत्री बने। 2013 के चुनाव बाद तीसरी बार उन्होंने मंत्री के रूप में विभिन्न विभाग संभाले । श्री अग्रवाल 2023 के विधानसभा चुनाव में पांचवीं बार विधायक बने हैं।

### चौथी बार जीते पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक चौथी बार विधानसभा चुनाव जीतकर आए हैं। धरमलाल अविभाजित मध्य प्रदेश के समय वर्ष 1998 में



चुनाव जीतकर आए थे, उसके बाद 2008 के चुनाव जीतने के बाद रमन सरकार के समय श्री कौशिक 2013 तक विधानसभा अध्यक्ष रहे। वर्ष 2016 में पार्टी ने उन्हें भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष बनाया था और 2018 का चुनाव जीतने के बाद वे 2023 तक विस में नेता प्रतिपक्ष रहे। इस तरह श्री कौशिक के पास संगठन में प्रदेशाध्यक्ष से लेकर विस अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष के रूप में काम करने का लंबा अनुभव रहा है।

### मोहले को भी इस बार नहीं मिली जगह

भाजपा सरकार के नई मंत्रिमंडल में इस बार मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले को भी जगह नहीं मिल पाई है। श्री मोहले अनुसूचित जाति



वर्ग कोटे से भाजपा सरकार में पूर्व में मंत्री बनाए जाते रहे हैं। पुन्नूलाल मोहले सन 1996 से लेकर चार बार सांसद रहे हैं। 2008 के चुनाव जीतने के बाद पहली बार खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, ग्रामोद्योग, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री बनाया गया। 2013 में उन्हीं विभागों के दूसरी बार मंत्री रहें। इस तरह दो बार के मंत्री रहे श्री मोहले भी इस बार मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल पाई है।

### तीन जिलों में साव ही रहेंगे बड़े नेता

बिलासपुर, मुंगेली और जीपीएम तीन जिलों के बीच एकमात्र अरूण साव उप मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। श्री साव वर्ष 2019 में बिलासपुर लोकसभा



क्षेत्र से सांसद बने थे। लोकसभा चुनाव में भारी मतों से जीतकर आने के बाद उन्हें भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। इस बार उन्हें लोरमी विधानसभा सीट से चुनाव में उतारा था और श्री साव निर्वाचित होकर विधायक बने हैं। उसके बाद उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। माना जा रहा है कि अब तीनों जिलों की राजनीति श्री साव के ही आसपास घूमेगी, क्योंकि इन तीनों जिलों में वे ही एकमात्र मंत्री रहेंगे।

हाँ, ये सच है
1,49 990/-Only
2BHK FULL Furniture Interior
• Modular • Dinning
• Bed. • TV Unit
• Almira
Home@Home
Near Science College, Bilaspur
Mo. 8109024488, 958444744

### नगर निगम में कांग्रेस के 11 एल्डरमैन की नियुक्ति समाप्त




**बिलासपुर।** प्रदेश में सरकार बदलने के बाद भी नगरीय निकायों में कांग्रेस एल्डरमैनों द्वारा इस्तीफा नहीं दिया जा रहा था, इसलिए प्रदेश की भाजपा सरकार ने सभी नगरीय निकायों में नामांकित पार्षद के रूप में एल्डरमेनों की नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। नए आदेश के बाद बिलासपुर नगर निगम के 12 एल्डरमैनों की नियुक्ति समाप्त हो गई है। नगर निगम में कांग्रेस के जिन एल्डरमैनों की नियुक्ति समाप्त हुई है, उनमें श्यामलाल चंदानी, सुभाष ठाकुर, दीपांशु श्रीवास्तव, अखिलेश गुप्ता, शैलेन्द्र जायसवाल, कांशी रात्रे, अजरा खान, सुबोध केसरी, सुधा गोपाल सिंह, सुरेश सोनकर, यतीश गोयल शामिल हैं। इनमें से कुछ एल्डरमेन बीच में संभागीय कमिश्नर के यहां इस्तीफे के संबंध में गए थे और वहां से जानकारी लेकर आए थे, किन्तु इनमें से कोई भी एल्डरमैन अपना इस्तीफा नहीं दे पाए थे।

### शिक्षा विभाग के जेडी कार्यालय में कुर्सी की लड़ाई, कक्ष में जड़ा ताला



**बिलासपुर।** शिक्षक पदोन्नति के बाद संशोधन मामले में शासन ने कार्रवाई करते हुए पांच संभाग के संयुक्त संचालक सहित 12 अफसरों को निलंबित किया था। साथ ही शिक्षकों का संशोधन आदेश भी रद्द किया गया था। जिसके बाद 1200 शिक्षकों ने हाईकोर्ट में याचिका लगा दी। हाईकोर्ट ने शिक्षकों के पक्ष में फैसला देते हुए संशोधित स्थानों में उन्हें ज्वाईन करने का आदेश दिया। इधर संबंधित मामले में निलंबित संयुक्त संचालक शिक्षा सहित अन्य अफसरों ने भी अपने खिलाफ हुए कार्रवाई को हाईकोर्ट में चुनौती दी। जिसमें उनके पक्ष में फैसला आया। ऐसे में बिलासपुर के तात्कालिन संयुक्त संचालक शिक्षा एसके प्रसाद भी कार्यालय पहुंच अपने पुराने पद पर ज्वाइन कर रहे थे, लेकिन वर्तमान में यहां आरपी आदित्य प्रभारी संयुक्त संचालक है। उन्होने शासन के आदेश का हवाला देते हुए एसके प्रसाद को ज्वानिंग नहीं देने दिया। इधर शुक्रवार को तारबाहर स्थित शिक्षा विभाग के जेडी कार्यालय में ताला जड़ दिया गया। शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक कार्यालय में कोर्ट से बहाली होकर आए एसके प्रसाद के साथ ही दो दर्जन से अधिक शिक्षक भी अपनी ज्वानिंग देने पहुंचे थे। लेकिन कक्ष में ताला लटकने से उन्होंने हंगामा मचाया। जेडी एसके प्रसाद कक्ष में ताला लगने के कारण बाहर कुर्सी में बैठे रहे, उन्होने अपना ज्वानिंग पत्र सचिव को भेजने की भी बात कही है।

## सिम्स सहित जिला अस्पताल में चल रही दवा कंपनियों की अघोषित दुकान

# मरीजों के समय पर एमआर का कब्जा, डाक्टरों के भरोसे दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स और जिला अस्पताल में पदस्थ डाक्टरों के चेंबर में एमआर का कब्जा रहता है, डाक्टर मरीजों की जांच करना छोड़ इनसे ही चर्चा करते रहते हैं, मरीज चेंबर के बाहर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं। एमआर के जाने के बाद डाक्टर मरीजों को जेनरिक की जगह ब्रांडेड कंपनियों की दवाएं ही लिखते हैं, इससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है।

सिम्स और जिला अस्पताल के ओपीडी में एमआर का कब्जा है। मरीज सुबह से ही पर्ची कटवाकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं, बावजूद इसके विभाग के डाक्टर मरीजों के तवज्जो ना देकर एमआर से मिलना जरूरी समझते हैं। ऐसे में दूर दराज से आए मरीज बेवजह परेशान होते हैं। कई बार कंपनियों के एमआर भीड़ से गुजरते हुए सीधे डाक्टर के केबिन में दाखिल हो जाते हैं और मरीज मुंह ताकते रह जाते हैं। इसे रोकने के लिए सिम्स प्रबंधन ने कई बार डाक्टरों को लिखित में आदेश भी जारी किया है, लेकिन इसका असर महज दो चार दिन ही रहता है, इसके बाद एमआर और डाक्टरों की मिलीभगत चलती रहती है। राज्य सरकार ने डाक्टरों को जेनरिक दवा लिखने का आदेश दिया था, लेकिन इसके बावजूद सिम्स जैसे बड़े अस्पताल में बड़ी कंपनियों के एमआर घूमते पाए जाते हैं, जिससे डाक्टर और सिम्स प्रबंधन पर सवाल उठाने लगे हैं।




ओपीडी के समय पर एक ओर मरीजों की कतार लगी रहती है वहीं दूसरी ओर एमआर आकर खड़े हो जाते हैं।

### ब्रांडेड कंपनियों की दवा लिखते हैं डाक्टर

सिम्स के डाक्टरों के द्वारा मरीजों के परामर्श के साथ देने वाले मेडिकल पर्ची में ब्रांडेड दवाईयां लिखी जा रही है, 4 में से 1 दवाई बाहर की लिखी जाती है, जो सिम्स के स्टोर, रेडक्रास और धन्वतरी मेडिकल स्टोर में भी उपलब्ध नहीं होती है। न्यूरो, स्किन और हार्ट से संबधित दवाई सबसे अधिक ब्रांडेड कंपनियों की ही लिखी जा रही हैं।

### सरकारी अस्पतालों में एमआर प्रतिबंधित

पिछले साल सचिव आर प्रसन्ना ने इस बारे में पत्र लिख कर सरकारी अस्पतालों में मरीजों के समय पर एमआर से मुलाकात करने पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन यह महज कुछ माह तक ही जारी रहा, इसके बाद आदेश की धज्जियां उड़ने लगी हैं।

### दी जाएगी चेतावनी

एमआर ओपीडी में नहीं आ सकते हैं, डाक्टरों को इसके लिए चेतावनी दी जाएगी। नई दवाओं के संभावनाएं और डाक्टरों के अपडेट रहने के लिए एमआर की विजिट हो सकता है, लेकिन इसके लिए भी डाक्टरों को कई बातों का खयाल रखना होता है। इस बारे में उचित निर्णय लिया जाएगा।

**- डॉ सुजीत नायक**
अधीक्षक, सिम्स

# एसबीआर कालेज खेल मैदान जमीन का नामांतरण आवेदन तहसील से खारिज

**बिलासपुर।** जरहाभाठा स्थित एसबीआर कालेज खेल मैदान वाली जमीन का नामांतरण आवेदन बिलासपुर तहसील न्यायालय से खारिज हो गया है। अतिरिक्त तहसीलदार न्यायालय द्वारा इस मामले में हाईकोर्ट द्वारा 6 जनवरी 2023 को पारित आदेश तहत दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किए जाने के कारण छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109 प्रभावशील नहीं होने से धारा 110 के तहत नामांतरण विधिसम्मत नहीं होने के कारण वादभूमि के नामांतरण आवेदन को खारिज कर दिया गया है।

■ जमीन का विक्रय विलेख के माध्यम से रजिस्ट्री के बाद लगा था ऑनलाइन आवेदन

तहसील न्यायालय के आनलाइन भुईया आईडी में पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से जरहाभाठा स्थित भूमि खसरा नंबर 107/3 रकबा 0.0400 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 108/3 रकबा 0.9220 हेक्टेयर का पंजीयन कार्यालय से रजिस्ट्री पश्चात नामांतरण के लिए आवेदन प्राप्त हुआ था। इस नामांतरण आवेदन पर अतुल बजाज द्वारा आपत्ति प्रस्तुत किया गया कि जमीन शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा कालेज के स्वत्व व आधिपत्य में है, जिससे संबंधित विवाद रिट अपील हाईकोर्ट के समक्ष लंबित है। उक्त अपील के सुनवाई दौरान संपत्ति को अवैधानिक प्रक्रिया द्वारा विक्रय कर दिया है। हाईकोर्ट ने रिट अपील पर सुनवाई करते हुए 31 अगस्त 2023 को संपत्ति पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया है। तहसील न्यायालय ने पाया कि वादभूमि के विक्रय के लिए हाईकोर्ट के 6 जनवरी 2023 के आदेश तहत वादभूमि का विक्रय किया गया है। उपरोक्त आदेश का अवलोकन किया गया, जिसमें उल्लेखित है कि पारित आदेशानुसार कालेज में आने-जाने के लिए रास्ता एवं पार्किंग के लिए स्पेस छोड़कर शेष भूमि के मूल्यांकन उपरांत कलेक्टर, रजिस्ट्रार ऑफ द पब्लिक ट्रस्ट को दी गई।

### आपत्ति पर लिया गया जवाब

इस आपत्ति पर आवेदकगण द्वारा जवाब लिया गया जिसमें उल्लेख किया गया है कि वादभूमि शिव भगवान रामेश्वरलाल चेरिटेबल ट्रस्ट के नाम से पूर्व में राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। शिव भगवान रामेश्वरलाल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भूमि को विक्रय करने के लिए विधिवत आवेदन रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। आपत्तिकर्ता द्वारा रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होकर भूमि के विक्रय पर इस आधार पर आपत्ति की गई थी कि आपत्तिकर्ता को ट्रस्ट का सदस्य नहीं बनाया गया है। रजिस्ट्रार के पारित आदेश को शिव भगवान रामेश्वरलाल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई, जिसे निराकृत करते हुए हाईकोर्ट द्वारा अपने आदेश 6 जनवरी 2023 द्वारा शिव भगवान चेरिटेबल ट्रस्ट को संपत्ति को विक्रय करने के लिए अनुमति प्रदान की गई।

### आदेश में था ये उल्लेख

हाईकोर्ट के आदेश में स्पष्ट उल्लेखित था कि शिव भगवान रामेश्वरलाल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कलेक्टर को अवगत कराकर भूमि को विक्रय करने की प्रक्रिया पालन किया जाए। शिव भगवान रामेश्वरलाल चेरिटेबल ट्रस्ट संबंधित जानकारी लिखित रूप से कलेक्टर को दी गई परन्तु कलेक्टर या अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा कभी भी इस बात की लिखित या मौखिक आपत्ति नहीं उठाई गई कि उपरोक्त भूमि शासकीय भूमि है और उनके द्वारा भूमि की नीलामी की प्रक्रिया में हाईकोर्ट के आदेशानुसार सहयोग प्रदान किया। आवेदकगण द्वारा उपरोक्त जमीन को शिव भगवान रामेश्वरलाल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा की गई नीलामी उपरांत पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा खरीदा गया है।

# कोरोना अलर्ट : अस्पतालों में 10 बिस्तर रिजर्व

**बिलासपुर।** देश के साथ प्रदेश में कोरोना के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ चुका है। शुक्रवार को कोरोना संक्रमित के परिजनों का एंटीजन टेस्ट कराया गया, जिसमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव पाई गई है। वहीं सीएम की बैठक के बाद सीएमएचओ ने सभी सरकारी अस्पतालों में 10-10 बेड रिजर्व रखने के आदेश दिया है। शुक्रवार को 205 लोगों की कोरोना जांच कराई गई है, जिसमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव पाई गई है।

■ संक्रमित के परिजन का हुआ टेस्ट

स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना महामारी को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। साथ ही इससे बचाव के संबंध में एडवाइजरी भी जारी कर दी है। जिले में अब तक कोरोना का केवल 1 मरीज मिला हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश शुक्ला ने शासकीय और निजी अस्पतालों के संचालकों को पत्र जारी कर कोविड संदेही और उपचार को लेकर के अलर्ट रहने की हिदायद दी है। गुरुवार को 1 मरीज मिलने के बाद शुक्रवार को सीएमएचओ ने जिले में सर्विलेंस टीम को अलर्ट करते हुए संदेशों के कोरोना सैंपल लेने के निर्देश दिए।



### स्वास्थ्य विभाग की तैयारी

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले के अस्पतालों में 52 एडल्ट वेंटीलेटर, 13 पीडियाट्रिक वेंटीलेटर, 107 मल्टी पैरा मॉनिटर, 841जंबो ऑक्सीजन सिलेंडर, 343 छोटा ऑक्सीजन सिलेंडर और 578 ऑक्सीजन कंसलटेंटर तैयार कर रख लिया गया है। साथ ही 10 सेंटर में सैंपल जांच किए जा सकेंगे। इसमें 7 सरकारी और तीन प्राइवेट सेंटर हैं। सरकारी में तिलक नगर समुदयिक भवन सेंटर, सिम्स, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मस्तूरी और प्राइवेट मे अपोलो हॉस्पिटल , श्री राम केयर और एकता लेब मे कोरोना की जांच चल रही है।

# उबलती खीर से झुलसे छात्र सहित अन्य मामलों में लापरवाही बरतने पर बिल्हा बीईओ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मध्यान्ह भोजन खिलाने में लापरवाही, आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले शिक्षक और जर्जर स्कूलों में बच्चों के अध्यापन कराने सहित अन्य मामलों में गैर जिम्मेदाराना और अपने दायित्व का निर्वहन नहीं करने पर लोक शिक्षण संचालनालय ने बिल्हा के विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरएस राठौर को निलंबित कर दिया है।

■ कार्य में लापरवाही बरतने पर डीपीआई ने की कार्रवाई

संचालक सुनील कुमार जैन ने निलंबन आदेश में कहा कि दोमुहानी स्कूल में मध्यान्ह भोजन के दौरान उबलती हुई खीर में गिरने से 9 वर्ष के छात्र का बायां हाथ जल गया था। जांच में पाया गया कि बच्चों को मध्यान्ह भोजन बैठाकर खिलाना था। लेकिन उन्हें लाइन लगाकर भोजन परोसा जा रहा है। इस मामले में पहले ही प्रधान पाठिका और एक शिक्षक को निलंबित किया जा चुका है। वहीं मध्यान्ह भोजन का नियमित निरीक्षण करने में विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरएस राठौर की भूमिका लापरवाहीपूर्वक पाई गई। इसके साथ ही कई अन्य मामले में भी बीईओ राठौर ने अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया, जिसके कारण डीपीआई ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिलासपुर निर्धारित किया गया है।

### इन कार्यों में भी बरती थी लापरवाही

मध्यान्ह भोजन के अलावा बीईओ राठौर ने आदर्श आचार संहिता के दौरान चुनावी गतिविधियों और राजनीतिक पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करने वाले शिक्षक क्रांति साहू को निलंबित किया था। लेकिन बीईओ राठौर ने निलंबन के बाद भी उन्हें 1 माह तक उपस्थिति दी थी। साथ ही बिल्हा ब्लॉक के जर्जर स्कूल भवन में छात्रों के अध्यापन कराने जाने के मामले में हाईकोर्ट के संज्ञान के बाद भी बीईओ ने नियमित स्कूलों का अवलोकन नहीं किया। इन सभी मामलों को देखते हुए उन्हें निलंबित किया गया है।

## 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में लिया था भाग

# नहीं रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भांगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

95 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नंदूराम भांगे का गुरुवार की रात जिला अस्पताल में निधन हो गया। उन्हें प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में गॉड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 14 वर्ष की किशोरावस्था में भी उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया और 3 महीने तक जेल में निरुद्ध रहे। श्री भांगे हमेशा ही कहते थे कि यह आजादी आसानी से नहीं मिली है। इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी वर्तमान पीढ़ी को संभालनी चाहिए। कुछ दिनों पहले ही हरिभूमि ने उनसे बात की थी तो आजादी की लड़ाई में अपना सब कुछ झोंक देने वाले श्री भांगे उस पल को याद करते हुए सीना चौड़ा कर लेते हैं। आजादी की लड़ाई में जिन सेनानियों ने योगदान दिया उनके बारे में वे बताते हुए भावुक से हो जाते थे।



■ 12 जनवरी सन् 1928 का हुआ था जन्म

नंदू राव भांगे का जन्म बिलासपुर के राजेन्द्र नगर में 12 जनवरी सन् 1928 का हुआ था। वे फिलहाल चकरभाठा में अपनी पत्नी सीता भांगे और बेटे ध्रुव कुमार भांगे के पूरे परिवार के साथ रहते थे। वे कम उम्र में ही स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे। नंदू राव के पुत्र ध्रुव कुमार भांगे बताते हैं कि उनके पिता आज भी पूरे परिवार को आजादी की कहानियां सुनाते हैं। श्री भांगे कहते थे कि आजादी की लड़ाई में उनके जैसे सैकड़ों युवाओं ने अपनी जान की बाजी लगा दी थी। उस दौर में वे भी अपने आप को रोक नहीं पाए। देशप्रेम की भावना लिए भारत माता को आजादी दिलाने सड़क की लड़ाई लड़ी।

### भाग्यशाली हूं ऐसे पिता का पुत्र हूं- ध्रुव

श्री भांगे के पुत्र ध्रुव कुमार भांगे बताते हैं, कि बचपन से ही हम लोगों के मन में उन्होंने देशभक्ति की अलख जगाई. हर देश भक्ति के आयोजन में वे जज्बे के साथ शामिल होने जाते रहे हैं। 15 अगस्त और 26 जनवरी के हर समारोह में उन्हें सम्मान आमंत्रित भी किया जाता है। ध्रुव भांगे का कहना है कि मैं अपने आपको भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने ऐसे पिता को पाया और मैं पुत्र रूप में उनके साथ हूं।

### 14 साल की उम्र में गए थे जेल

नंदू राव भांगे ने बताया कि वे सन 1942 में बिलासपुर के गोल बाजार में अंग्रेजों के खिलाफ प्रदर्शन व नारे बाजी में शामिल रहे। इस आंदोलन के प्रमुख डा. वासुदेव जयकृष्ण देवरस थे। उनके ही नेतृत्व में ये आंदोलन चलाया जा रहा था। जिसके लिए नंदू राव भांगे को 3 माह की सजा सुनाई गई और उन्हें बिलासपुर जेल में डाल दिया गया। इस समय भांगे की उम्र मात्र 14 वर्ष की थी। श्री भांगे बताते हैं कि स्वतंत्रता सेनानियों के साथ जानवरों जैसा व्यवहार किया जाता था, उन्हें ठीक से भोजन-पानी नहीं दिया जाता था। आजादी के मतवालों को और भी पीड़ा तब होती थी जब इन पर कोड़े बरसाने वाले हाथ अपनों के होते थे। अंग्रेज सैनिक कभी भी घरों में घुसकर छान-बीन करने लगते थे। स्वतंत्रता सेनानियों को उठाकर जंगलों में छोड़ दिया जाता था।



अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाते निगमकर्मी।

# सोनगंगा कालोनी के पास की जा रही थी अवैध प्लाटिंग, निगम ने हटाया

**बिलासपुर।** शहर में चल रहे अवैध प्लाटिंग के खिलाफ़ नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाट में बनाए गए सड़क और नाली को हटाया और निर्माण सामग्री को जब्त कर लिया है। निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत निर्देश पर कार्रवाई की गई। दरअसल सोनगंगा कालोनी से लगे भूमि खसरा क्र.124 में से रकबा लगभग 1.50 एकड़ पर सदानंद पटेल एवं विष्णु पटेल द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही है। नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाटिंग स्थल पर निर्मित सीसी रोड एवं निर्मित नाली निर्माण को तोड़ कर सामग्री को जब्त कर लिया। कार्रवाई में भवन अधिकारी सुरेश शर्मा, जोन कमिश्नर, जोन कमिश्नर संदीप श्रीवास्तव, उप अभियंता शशि वारे, अतिक्रमण प्रभारी प्रमिल शर्मा समेत जोन क्रमांक 7 के अधिकारी कर्मचारी और पुलिस की टीम उपस्थित रही।


छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ एवं यशस्वी विधायक
मान. बृजमोहन अग्रवाल जी
के छत्तीसगढ़ सरकार में केबिनेट मंत्री बनने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विजय अग्रवाल
राजेन्द्र अग्रवाल
नरेन्द्र कछवाहा
पूर्व जेल संरक्षक एवं पर्यटन मंडल सदस्य
राजेश बिसेन
अखिलेश बाजपेयी (अक्कू)
शैलेश शर्मा
शरद सिंह
बबलू खण्डेलवाल
प्रवेश चड्डा
शिव साहू
नैनसिंह परिहार
सूरजधर दीवान
नितेश गेमनानी
ललित अग्रवाल
ओमप्रकाश शास्त्री
विवेक पाण्डेय
विक्रम निषाद
सुनिल मिश्रा
अंजय जोशी
शौर्यवीर सिंह
सूर्या शर्मा

## खबर संक्षेप



**बिलासपुर।** कांग्रेस विधायक दल के नेता चुने जाने पर डॉ चरणदास महंत को बधाई देते पूर्व विधायक शैलेश पांडेय और जिला कांग्रेस अध्यक्ष व कांग्रेस से बेलतरा के कांग्रेस प्रत्याशी विजय केशरवानी।

### मो.रफी का जन्म शताब्दी उत्सव कल शहर के कलाकार देंगे प्रस्तुति

**बिलासपुर।** सदी के महान गायक और अपनी मंत्रमुग्ध करने वाली मखमली आवाज के धनी स्व. मो. रफी की 100



वीं जन्म तिथि जन्म शताब्दी उत्सव के रूप में 24 दिसंबर रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक विमल दत्ता ने बताया कि मो. रफी जन्म उत्सव पर स्थानीय आईएमए भवन में 24 दिसंबर रविवार को शाम 6 बजे केक काट कर कार्यक्रम का आगाज किया जाएगा। इसमें शहर के गायक कलाकार तरुण शर्मा के मंच संचालन में मो. रफी के संगीत सफर की कुछ बातें और विमल दत्ता के साथ मो. रफी की कुछ यादों को भी साझा किया जाएगा, जिसमें उनके फिल्मी और गैर फिल्मी गीतों को विमल दत्ता द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इनके अलावा शहर के प्रसिद्ध गायक कलाकार गिरीश त्रिवेदी, हरीश तिवारी, मनोहर सिंह, डॉ. विजय, मो. सादिक, सह गायिका श्रुति नाइक, कुमारी अपूर्वा द्वारा मो. रफी के एकल और युगल गीतों को गाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाएगा। इसमें वाद्य यंत्र के साथ रविन्द्र मिश्र, बसंत रजक प्रस्तुति देंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के सदस्य आवश्यक तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने संगीत प्रेमियों से मो. रफी की याद कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### कृष्ण जन्मभूमि के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने पर की चर्चा



**बिलासपुर।** अखिल भारत हिन्दू महासभा की बैठक में अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेशाध्यक्ष अनिल सिंह एवं प्रदेश महामंत्री प्रशांत तिवारी ने श्री कृष्ण जन्मभूमि के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। हिंदू महासभा के प्रदेशाध्यक्ष ने नए कार्यकारिणी का गठन करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री के लिए अमित सिंह परिहार, प्रशांत पाण्डेय,रोशन बंजारे की नियुक्ति की। बिलासपुर शहर अध्यक्ष के लिए विनोद यादव की नियुक्ति की गई। बैठक में अनिल सिंह, प्रशांत तिवारी ,अमित सिंह परिहार ,प्रशांत पाण्डेय ,रोशन बंजारे,विनोद यादव , ओम प्रकाश सूर्या,शिव शर्मा,राजू तिवारी, अंजनी कांत सिंह,रूपेश बंजारे, लक्ष्मी चंद केवट,रमाकांत साहू ,दिलीप साहू आदि उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क कामर्स शिविर 25 से

**बिलासपुर।** सर्वगीण विकास एवं रोजगार के अवसर दिलाने के उद्धेश्य से अखिल भारतीय कसौधन वैश्य महासभा ट्रस्ट दवारा नि:शुल्क कामर्स कक्षा शिविर का आयोजन 25 दिसंबर से किया जा रहा है। ग्यारहवीं 11 वी और बारहवी 12 वी कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज के युवती-युवाओं को कॉमर्स का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण का समय ग्यारहवीं का सुबह 10 बजे से 11 बजे और शाम 7.30 बजे से रात 8.30 बजे और 12वीं की सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक और 12 बजे से दोपहर 1 बजे है।

# जोन की ट्रेनों में छत्तीसगढ़ी व्यंजन देने आईआरसीटीसी साल भर में नहीं बना सका मैन्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे बोर्ड की ओर से करीब साल भर महीने पहले ट्रेनों में स्थानीय व्यंजन शुरू कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक यह सुविधा शुरू नहीं हो पाई है। बोर्ड के निर्देश के अनुसार आईआरसीटीसी को सभी मंडल और जोन की ट्रेनों में छत्तीसगढ़ी व्यंजन दिया जाना था। इसके तहत ट्रेनों में सफर के दौरान रेल यात्रियों को चीला, चौसेला, फरा, मुंगोड़ी जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजन परोसे जाने थे। बोर्ड के निर्देश पर महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और ओडिशा के व्यंजन भी मेन्यू में शामिल किए जाने थे। दरअसल यात्रियों की शिकायतें होती है कि उन्हें क्षेत्रीय भोजन नहीं मिलता, क्योंकि रेलवे के पास एक ही तरह के खाद्य और पेय पदार्थ हैं। इसलिए रेलवे बोर्ड की ओर से यह योजना बनाई गई थी।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली लंबी दूरी की यात्री ट्रेनों में छत्तीसगढ़ी व्यंजन उपलब्ध होना था। रेलवे



बोर्ड ने आईआरसीटीसी को छत्तीसगढ़ी व्यंजन को अपने मैन्यू शामिल करने का निर्देश दिया था। दिसंबर 2022 में ही स्थानीय व्यंजनों की सूची तैयार भी कर ली गई थी। जिसमें चीला, फरा व चौसेला जैसे व्यंजनों को शामिल किया गया था। इसके अलावा लोगों से बात कर और भी व्यंजन शामिल करने थे। इसके साथ ही इसकी कीमत भी कम सामान्य रखने पर फैसला हुआ था।

### यात्रियों की मांग पर किया था शामिल

रेलवे के निर्देश के बाद आईआरसीटीसी ने प्रीमियम ट्रेन जैसे वंदे भारत और राजधानी जैसी ट्रेनों में मुंगौड़ी, बफौरी, रागी, लड्डू, फरा और खड़ा पोहा को मेन्यू में शामिल भी कर लिया जबकि नान प्रीमियम ट्रेनों में भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जानी थी। इसके बाद लेकिन कुछ नहीं हुआ। ध्यान रहे कि बिलासपुर रेलवे स्टेशन से रोजाना अप और डाउन लाइन में 100 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। अक्सर यात्रियों की शिकायत मिलती है कि रेलवे की खानपान सूची में यात्रियों को उनकी पसंद का नाश्ता और भोजन नहीं मिल रहा है। इस वजह से सफर के दौरान यात्रियों को परेशान होना पड़ता है। इसलिए इस सेवा को बेहतर बनाने के लिए बोर्ड ने यात्रियों की मांग के आधार पर नई सूची तैयार की गई थी।

### रेलवे ने बनाई टीम लेकिन जांच नहीं

ट्रेनों में छत्तीसगढ़ी व्यंजन यात्रियों को मिल रहा है या नहीं, रेलवे ने इसकी जांच के लिए टीम गठित की थी। इस टीम को सभी ट्रेनों में परोसे जा रहे व्यंजनों की जांच का जिम्मा दिया गया था। इस दौरान अधिकारियों को यदि छत्तीसगढ़ में यहां के यात्रियों की पसंद के हिसाब से छत्तीसगढ़ी व्यंजन नहीं मिला तो आईआरसीटीसी पर कार्रवाई की बात थी। कुछ दिनों तक जांच हुई भी लेकिन बाद में सब शांत पड़ गया। है। ध्यान रहे कि स्थानीय व्यंजनों के साथ ही ब्रांडेड खाद्य पदार्थों की बिक्री की अनुमति रहेगी। इनके दाम एमआरपी से अधिक नहीं होंगे। लोकप्रिय जनता भोजन के मूल्य में बदलाव नहीं होगा।

### कुछ दिन चला स्टाल और फिर बंद

ध्यान रहे कि प्रदेश के गढ़ कलेवा में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों, चीला, फरा, गुल गुल भजिया, सोहारी, ठेठरी, खुरमी और चौसेला का स्वाद चखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। यहां महिलाओं द्वारा तैयार व्यंजनों की अच्छी खासी मांग है। इसे देखते हुए बिलासपुर के प्लेटफार्म नंबर एक पर केंद्र सरकार की योजना वन स्टॉल वन प्रोडक्ट के तहत स्टॉल लगाकर इसकी शुरुआत की गई थी। इस स्टॉल में यात्रियों को चीला, फरा, गुल गुल भजिया, सोहारी, ठेठरी, खुरमी सहित कई प्रकार के आदि प्रकार के व्यंजन मिल रहे थे। स्टॉल एक या दो महीने ही चला और बंद हो गया।

### चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने न्यायालयों का किया निरीक्षण

# कोर्ट रूम काफी छोटे, न्यायालय की गरिमा के अनुरुप नहीं: सिन्हा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिंहा ने शुक्रवार को जिला न्यायालय, कोण्डागांव, कांकेर और बालोद का निरीक्षण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बालोद और कोंडागांव के कोर्ट रूम के छोटे होने और न्या या ल यी न गरिमा के अनुरूप नहीं पाए जाने पर वहां उपस्थित जिला कलेक्टर को आवश्यक निर्देश दिए। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायालय, कोण्डागांव के न्यायालय परिसर में स्थित समस्त कक्षों का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने न्यायालय भवन में संचालित कार्यालय अनुभाग, प्रशासनिक भवन, ग्रंथालय, परिवार न्यायालय, अभिलेखागार, प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक सहित विभिन्न अनुभागों

- **बालोद, कांकेर और कोंडागांव के न्यायालय का किया निरीक्षण**



निरीक्षण के दौरान आवश्यक निर्देश देते चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा।

का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान न्यायालय कक्ष छोटे-छोटे पाए जाने एवं न्यायालय की अधोसंरचना गरिमा के अनुरूप न होने पर वहां उपस्थित जिला कलेक्टर दीपक सोनी को नवीन भवन निर्माण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बतलाया कि वर्तमान में नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय भवन के लिए भूमि आबंटित हो चुकी है और विधि मंत्रालय में प्रशासनिक, वित्तीय स्वीकृति कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इस दौरान श्री सिन्हा ने अधिवक्ता संघ, कोण्डागांव, नारायणपुर के अधिवक्ताओं के साथ बैठक ली। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं ने उपभोक्ता फोरम एवं लेबर कोर्ट / श्रम न्यायालय की स्थापना जिला कोण्डागांव में किये जाने की मांग उनके समक्ष रखी, जिसके संबंध में मुख्य न्यायाधिपति ने नियमानुसार उपरोक्त मांग पर विचार किए जाने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया। उन्होंने इसके बाद कांकेर और बालोद जिला एवं सत्र न्यायालय का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

### डाक विभाग ने संकल्प यात्रा शिविर में दी योजनाओं की जानकारी



**बिलासपुर।** केंद्रीय योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ और छूटे हितग्राहियों को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरु किए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा से नागरिकों को काफी लाभ मिल रहा है। यात्रा के तहत लगाए जा रहे शिविर में दिन प्रतिदिन लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। यात्रा के 7 वें दिन 22 दिसंबर को शहर में दो शिविरों लगाए गए। पहला शिविर पंडित रामदुलारे दुबे आत्मानंद स्कूल सरकंडा और दूसरा शिविर शहीद अविनाश शर्मा शासकीय कन्या शाला में लगाया गया। जिसमें 8 हजार 668 लोग शामिल हुए। शिविर में अब तक केंद्रीय योजनाओं का लाभ नहीं मिला है। वे इन योजनाओं के लिए आवेदन दे रहे हैं। इस शिविर में लोगों को शासकीय योजनाओं की भी जानकारी मिल रही है। कार्यक्रम में 22 दिसंबर को पंडित रामदुलारे स्कूल सरकंडा एवं शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सरकंडा में डाक विभाग के समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं खाता खुलवाने शिविर लगाया गया। शिविर में जानकारी देने के साथ सभी केटेगरी के खाते भी खुलवाए जा रहे हैं। शिविर में सुकन्या समृद्धि योजना के 25 प्रस्ताव एवं महिला सम्मान बचत पत्र के 20 प्रस्ताव, पीपीएफ के 10 एवं 10 लाख का पीएलआई प्रस्ताव प्राप्त किया गया है।

### न्यू जनरेशन में जीतो ढ़ोल बजाके मेगा आफर के कुछ दिन शेष

**बिलासपुर।** फिलग्रुप टावर सीएमडी चौक स्थित न्यू जनरेशन के शोरूम में 24 सितंबर से न्यू जनरेशन फोटो मेगा ऑफर जीतो ढ़ोल बजा के प्रारंभ किया गया है। इस मेगा आफर के कुछ ही दिन शेष हैं। 30 दिसंबर को इसका ड्रा निकाला जाएगा। इसके संचालक ने बताया कि आज ही खरीदारी कर इनाम जीत सकते हैं, इसमें कार, मोटर बाइक जीतने का सुनहरा मौका है।

पिछले 20 वर्षों से रायपुर से सफलतापूर्वक संचालित हो रहे न्यू जनरेशन फैमिली स्टोर के न्यू जनरेशन के भव्य "जीतो ढ़ोल बजाके" धमाकेदार आफर में ग्राहकों को 3 हजार रुपए से अधिक की खरीददारी पर आकर्षक व भव्य इनाम लकी ड्रा से जीतने का मौका मिल रहा है। इसमें कार, स्कूटी, बाइक, रेफ्रीजरेटर, टीवी, वाशिंग मशीन आदि जीतने का मेगा ऑफर का 30 दिसंबर को होने वाला ड्रा ग्राहकों के नए साल के पूर्व खरीददारी के आनंद को कई गुना बढ़ाने वाला है। फिलग्रुप टावर सीएमडी चौक में न्यू जनरेशन शोरूम में मेन, वुमेन व किड्स के लिए विशाल रेंज उपलब्ध है। त्यौहार व शादी ब्याह के मौकों पर खरीददारी करने वाले ग्राहकों को वस्त्र लुभाते हैं। जिनमें इंटरनेशनल व नेशनल ब्रांड्स के प्रतिष्ठित रेंज शामिल है। न्यू जनरेशन के भव्य शोरूम की खास बात यह है कि यहां वेडिंग कलेक्शन की खरीददारी के लिए आने वाले ग्राहकों




बिजनेस प्लस

के लिए, एयर कंडीशन लाउंज बनाया गया है, जिसमें पूरी फैमिली वीआईपी फील के साथ खरीददारी का आनंद उठा सकते हैं। वेडिंग रेंज में ग्राहकों के लिए सगाई से विदाई तक की पूरी रेंज रखी गई है। न्यू जनरेशन स्टोर की शुरूआत परमानंद बजाज ने 2 दशक पूर्व की थी। जिसे वे पुत्र लक्ष्मण व रोहित बजाज के साथ सफलताप ूर्वक संचालित कर रहे हैं। बिलासपुर में न्यू जनरेशन फैमिली स्टोर का शुभारंभ यहां नव वर्ष के पूर्व की खरीददारी करने वाले बिलासपुर वासियों के लिए एक शानदार विकल्प है, क्योंकि उसका "जीतो ढोल बजाके" आफर बेहतर गुणवत्ता के वस्त्र पूरे फैमिली के लिए एक छत के नीचे मिल रहा और भव्य इनाम जीतने का मौका भी सोने में सुहागा जैसा ही है। न्यू जनरेशन स्टोर रायपुर के पिछले 20 वर्षों से एक श्रेष्ठ कार्य संस्कृति व अनुशासन के साथ व्यापार करने के लिए प्रतिष्ठा प्राप्त है। इसी प्रतिष्ठा के साथ उनका बिलासपुर में शुभारंभ किया गया है।

## केबिनेट मंत्री बनने के बाद शहर में बृजमोहन का किया स्वागत



**बिलासपुर।** केबिनेट मंत्री बनने के बाद बृजमोहन अग्रवाल का बाबा चौक पर राजेश सिंह बिसेन के नेतृत्व में युवाओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान सूरज धर दीवान, पुरुषोत्तम अग्रवाल, सुधीर शुक्ला, प्राथमेश दुबे, नीरज नशीने, बाबा त्रिपाठी, गौतम सिंह, अमन शास्त्री, अरविन्द सिंह, सीनू राव, आलोक उपाध्याय, प्रतीक यादव, कमल बघेल, राजा,संतोष, अंशुल ठाकुर, इशान,टाइगर, बिट्टू, इम्तियाज़ एवं लगभग 200 समर्थकों ने अभूतपूर्व स्वागत किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने मंच में आकर समर्थकों को सम्बोधित किया।



**बिलासपुर।** केबिनेट मंत्री बनने के बाद बृजमोहन अग्रवाल को मनोज भंडारी व प्रवेश चड्डा ने रायपुर स्थित निवास पर सौजन्य मुलाकात कर अपनी शुभकामनाएं दी। बृजमोहन अग्रवाल के बिलासपुर प्रवास पर मनोज भंडारी ने उनका नेहरू चौक पर आतिशी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उनके अनुभवों को छत्तीसगढ़ को काफी लाभ मिलेगा और प्रदेश तेजी से विकास की ओर अग्रसर होगा। इस अवसर पर नरेंद्र कक्षवाहा, श्रीकुमार, अंचित भंडारी, बालू वाजपेयी, गौरव भंडारी, राजकुमार शुक्ला सहित कई समर्थक उपस्थित थे।

### एयू में त्रि-दिवसीय कुल-उत्सव आज से

**बिलासपुर।** अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय में त्रि-दिवसीय कुल-उत्सव 2023 का आयोजन 23-25 दिसंबर तक किया जा रहा है। 23 दिसंबर को कुल-उत्सव का शुभारंभ सुबह 11 बजे विश्वविद्यालय के चतुर्थतल सभागार में होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डी. रामकृष्ण राव नई दिल्ली होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल करेंगे। 11 बजे से रक्तदान शिविर लगेगा। तत्पश्चात छग के कुलपतियों के मध्य परिचर्चा होगी। जिसका विषय छग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन है। जिसमें 10 विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति सम्मिलित होंगे।

## राष्ट्रीय टेटे में शहर के 5 खिलाड़ियों का चयन

**बिलासपुर।** 26 दिसंबर से 29 दिसंबर तक 67 वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के टेबल टेनिस में 17 वर्ष बालक बालिका वर्ग में बिलासपुर जिले के 5 खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों को दिल्ली जाने के पूर्व 21 दिसंबर से 23 दिसंबर तक रायपुर कैंप में प्रशिक्षण दिया गया। इस संबंध में संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर ने बताया कि इसमें टेबल टेनिस बालक बालिका 17 वर्ष, कुश्ती फ्री स्टाइल बालक बालिका 19 वर्ष, कुश्ती ग्रीकी रोमन बालक 17,19 वर्ष के खिलाड़ी शिरक करेंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के पूर्व जिले के चयनित खिलाड़ियों को रायपुर में 21 दिसंबर से 23 दिसंबर तक तीन दिन प्रशिक्षण दिया गया। इसमें बिलासपुर जिले के टेबल टेनिस 17 वर्ष में बालक बालिका ग्रुप में दैविक, रेयांश, आंदिता शर्मा, पिहू सिंघानिया व सम्यक साहूका चयन किया गया है।



## बहतराई स्टेडियम में राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा 2 से



**बिलासपुर।** बिलासपुर में बेसबाल की 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 2 जनवरी से 5 जनवरी तक स्व. बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 17 वर्ष के बालक-बालिकाओं के लिए होगी। प्रतियोगिता में देशभर के 700 खिलाड़ी जुटेंगे। इसके के सफल आयोजन के लिए शुक्रवार 22 दिसंबर को संभागायुक्त केडी कुंजाम की अध्यक्षता में संभागायुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कमिश्नर श्री कुंजाम ने प्रतियोगिता का आयोजन सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने अफसरों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करने कहा। खिलाड़ियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखने कहा। प्रतियोगिता स्थल एवं खिलाड़ियों के आवास स्थलों में सुरक्षा बलों की तैनाती के लिए पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदारी दी गई। इसी तरह खिलाड़ियों के लिए कैप, टी शर्ट, ट्रेक सूट इत्यादि की व्यवस्था के लिए एनटीपीसी सीपत के कार्यकारी निर्देशक को जिम्मेदारी दी गई। वहीं मैडल पदक, ट्रॉफी पुरस्कारों एवं स्मृति चिन्ह की व्यवस्था के लिए एसईसीएल के सह प्रबंधक निदेशक, अध्यक्ष को दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा साफ-सफाई संबंधी व्यवस्था के लिए नगर पालिक निगम आयुक्त को, स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सीएमएचओ को, बस सुविधा के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को, आयोजनों का समाचार दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन के लिए संयुक्त संचालक जनसंपर्क को दायित्व सौंपा गया है। बैठक में नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल, एडीएम आरए कुरूवंशी सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का होगा आयोजन

**कोरबा।** जिले में 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 28 जनवरी से 1 फरवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम टीपी नगर व सीएसईबी पूर्व फुटबाल मैदान में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में 20 राज्यों के लगभग 2 हजार प्रतिभागी एवं कोच, मैनेजर, रेफरी आदि सम्मिलित होंगे। 5 दिवसीय इस आयोजन में 14 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं बेस बाल खेलेंगे।

### बाल भारती पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक खेल दिवस

# खेलों से सहयोग की भावना का विकासः पुजारी



**सीपत।** एनटीपीसी सीपत स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में पूर्व प्राथमिक विभाग के छात्रों के लिए वार्षिक खेल दिवस का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के एनटीपीसी सीपत के कार्यकारी निदेशक रमानाथ पुजारी, अध्यक्षता श्रीमती अर्चना पुजारी अध्यक्षा संगवारी महिला समिति ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अरुण वार्ष्णेय महाप्रबंधक प्रचालन व अनुरक्षण, जयप्रकाश सत्यकाम अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन, प्रवीण रंजन भारती प्रबंधक मानव संसाधन विभाग से व अभिभावक शिक्षक संघ के सदस्य भी उपस्थित रहे।

कपोत विमोचन के साथ समारोह का विधिवत उद्घाटन किया गया। क्षेत्रीय राज्य व राष्ट्र स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने वाले छात्राओं ने मशाल लेकर क्रीड़ांगन की परिक्रमा की। इस अवसर पर पूर्व प्राथमिक विभाग के चारों कक्षाओं के नन्हे -मुन्हे छात्रों ने मार्च पास्ट करते हुए स्वस्थ जीवन, सुखमय जीवन व एकता में समृद्धि, विविधता में शक्ति का संदेश दिया। इसके बाद बालक और बालिकाओं के लिए एकल व सामूहिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर पुरस्कृत किया गया। वार्षिक खेल दिवस के अवसर पर अभिभावकों के लिए विशेष रूप से सुई -धागा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा पुरस्कार भी जीते। विद्यालय के प्राचार्य शलभ निगम ने स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेलकूद और व्यायाम के महत्व प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि रामनाथ पुजारी ने कहा कि खेलों को खेल भावना के साथ ही खेलना चाहिए। खेल को जीत या हार की भावना से नहीं बल्कि खेल के नियमों का पालन करते हुए एकाग्रता और दूसरी टीम के प्रति सद्भावना रखते हुए ही खेलना चाहिए। खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ होते हैं।



# धौराभाठा स्कूल में बच्चों को गर्म कपड़े वितरित

**बिलासपुर।** बिल्हा विकासखण्ड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा को स्काईरल प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा विद्यालयीन आवश्यकता के दृष्टिकोण से 10 नग स्टील कुर्सी, 5 नग टेबल, 6 नग व्हाईट एवं ग्रीन बोर्ड तथा पुस्तकालय हेतु बुक सेल्फ प्रदान किया गया।
उल्लेखनीय है कि उक्त संस्था द्वारा विद्यालय में दर्ज समस्त 256 बच्चों को स्वेटर, जूता, मोजा, टाई एवं बेल्ट वितरित किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के स्काईरल प्राइवेट लिमिटेड के संचालक दिनेश साहू, ग्राम के सरपंच शिव यादव, उपसरपंच भुनेश्वर साहू एवं अन्य नागरिक उपस्थित थे। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, बिलासपुर से डॉ. मुकेश पाण्डेय एवं डॉ. अखिलेश तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना श्रीमती सविता देश पाण्डेय एवं श्रीमती अंजना बखला एवं सुमित्रा मिंज द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। संस्था प्रधान पाठक श्रीमती प्रतिभा अवस्थी ने दान के महत्व को प्रतिपादित किया। डॉ. मुकेश पाण्डेय एवं डॉ. अखिलेश तिवारी द्वारा संस्था के हित में दिनेश साहू द्वारा प्रदाय सामग्रियों हेतु साधुवाद दिया गया। सरपंच श्री यादव द्वारा प्राथमिक शाला धौराभाठा हेतु अन्य मूलभूत सुविधाओं के उपलब्धता हेतु प्रयास करने का वचन दिया गया। दिनेश साहू द्वारा विद्यालय के बच्चों को पूरी लगन व मेहनत से अध्ययन करने हेतु प्रेरित कर भविष्य में विद्यालयीन आवश्यकताओं की पूर्ति में सहयोग देने का बात कही गई। कार्यक्रम में धौराभाठा के पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल के संस्था प्रमुख व शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन विद्या नायर तथा आभार प्रदर्शन मधु राजे सिंह ने किया। इस दौरान सुप्रिया डबली, शशी देवी, फेकूराम वर्मा, अनिता भारत, अराधना लिंकन एवं विद्यालय के बच्चें उपस्थित रहे ।

# कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान पर रही सिब्या

**तखतपुर।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल तख़तपुर में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान क्रिकेट, वालीबाल, रस्साकसी, 100 मीटर दौड़, लंम्बी दौड़, कुर्सी दौड़, चॉकलेट दौड़, गोला फेंक, इन आउट, फुगड़ी,आदि खेल हुआ, जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता में 5 वीं क्लास की छात्रा सिब्या रानी ने कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान पर अपना नाम किया। शाला के प्राचार्य



मौसमी राबिंसन ने प्रमाण पत्र एवं गोल्ड मैडल देकर पुरस्कृत किया। समस्त गतिविधियों को परिचित कराने में विद्यालय के प्राचार्य मौसमी राबिंसन विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि बच्चों के मानसिक, शाररिक बौद्धिक विकास कराने तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता रखा गया। इस दौरान विविध खेलों में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियो को प्रमाण पत्रक एवं मैडल से सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर शिक्षको में आबिद आबिद अंसारी, आकाश शर्मा, महेश दत्त पाठक खेल क्षिक्षक परमेश्वर कुर्रे, निर्मला पाल, रीता सिंह, शुशीला,जायसवाल, अभिजीत शर्मा, श्वेता पांडेय, सोहनी गांगुली, नेहा सिंह, अंतरा मैत्री का विशेष योगदान रहा।

### युवक की संदिग्ध मौत जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक 35 वर्षीय युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र के टीपी नगर की है, यहां निवासरत नईमुद्दीन अंसारी 35 वर्ष की है। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# समाज मे फैली कुरीतियों का बाबा ने किया दमन

**खास बात**
- परसदा में संत गुरुघासीदास जयंती कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सकरी।** संत किसी जाति वर्ग के नहीं अपितु समग्र समाज के होते हैं। बाबा गुरुघासीदास ने समाज मे फैली कुरीतियों का दमन कर मनखे -मनखे एक सामान का संदेश दिया। उक्त उदगार गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर परसदा में आयोजित संत गुरुघासीदास बाबा जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी संतोष कौशिक ने व्यक्त किया। उन्होंने उनके प्रेम, अहिंसा के संदेश को आत्मसात करने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छग सतनाम महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव खांडे ने कहा की गुरु घासीदास बाबा के विचार सार्वभौमिक हैं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य भारती माली ने कहा कि बाबा ने सभी को समान भाव से साथ रहने की सीख दी है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नितेश राजा मिश्रा ने पांच लाख की लागत से मंच निर्माण कार्य कराने की घोषणा की। कार्यक्रम को पूर्व जनपद सदस्य राकेश तिवारी, छग सतनाम महासंघ के जिलाध्यक्ष बिहारी सिंह टोडर ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरुघासीदास ने जो सत्य और अहिंसा की ज्योति जलाई है वो आज तक निर्बाध रूप से जल रही है। कार्यक्रम को परसदा सरपंच एवं अनुसूचित जाति सरपंच संघ के अध्यक्ष संतराम लहरे, पेंडारी सरपंच लक्ष्मी खांडे, पूर्व सरपंच परसदा सुकृता संतराम लहरे, मनीष तिवारी, बसंत रजक, दौलत रजक, पंचबहरा सरपंच होरीलाल माथुर ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण पेंडारी सरपंच लक्ष्मी खांडे, संचालन विनोद कोशले, नेहा लहरे एवं आभार प्रदर्शन परसदा सरपंच संतराम लहरे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में हेमंत यादव,गोविंद यादव, राजू साहू, कृष्णा जांगड़े, सुरेश लहरे, काशी लहरे, कैलाश लहरे, खोरबहरा लहरे, लक्ष्मण बघेल, जगदीश लहरे, संतोष पाटले, महेश खांडे, भागीरथी लहरे,हरीश चन्द्र मिरी,राजेंद्र पाटले, इतवारी भास्कर, अमित डहरिया,भागवत लहरे,इंदर दस बंजारे, सोनू लहरे, रवि पहाड़ी, दीपक लहरे, सौखी लाल लहरे, गेंदलाल चेलकर आदि मौजूद थे।

### हाइवा ने बाइक को मारी टक्कर युवक की मौत

**कोरबा।** एक तेज रफ्तार हाईवे के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया है। जिससे मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वहीं दुर्घटना को अंजाम देने वाले हाईवे चालक के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चारपारा निवासी संजय कंवर अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर रिस्दी की ओर जा रहा था कि इसी दौरान अंजोरीपाली के पास पहुंचा था कि एक तेज रफ्तार हाईवे के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए संजय कंवर को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

---

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गिरजा बाई पति श्री राम निहोर साहू निवासी कैलाश विहार जमीनीपाली दर्री कोरबा छ. ग. ने अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय का आशय का आम सूचना प्रकाशन कराता हूं। कि मेरे उपरोक्त पक्षकार ने मौजा मोपका प.ह.न. 19/29 रा. नि. म. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ में स्थित भूमि में निर्मित भवन का खसरा नं. 975/3 का रकबा 2400 वर्ग फीट भूमि जो कि राजस्व अभिलेखों में श्री मति मंजुला बीन पति भरत बीन निवासी एनटीपीसी कॉलोनी जमीनीपाली कोरबा छ.ग. के नाम पर स्थित है जिसे मैं गिरजाबाई पति से राम निहोर साहू निवासी कैलाश विहार जमीनीपाली दर्री कोरबा छ.ग. के द्वारा क्रय करने का सौदा कर बतौर एडवांस राशि प्रदान कर किया गया है जिसका निकट भविष्य में विक्रय पंजीयन होना है अत: उक्त भूमि के क्रय विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति संस्था निकाय बैंक या अन्य के कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे मोबाइल फोन न. 9424165128 में भेजें बाद की आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी।

**भवदीय- गिरजा बाई**
**मो. 9424165128, 7898308905**

---

**// आम सूचना //**

मैं एस.के. सिंह अधिवक्ता अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार एवं प्रदत्त निर्देश पर निम्नलिखित आशय का आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ। मेरे पक्षकार मनीष बरसैयां पिता श्री मनोहर लाल बरसैयां निवासी शुभम विहार बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अशोक कुमार पिता श्री भरत लाल निवासी -ग्राम खजुरी, तहसील तखतपुर, जिला-बिलासपुर से उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य की मौजा घोरामार, प.ह.नं. 15, तहसील तखतपुर जिला-बिलासपुर स्थित खसरा नंबर 175 रकबा 0.33 ए., ख.नं. 176/1, रकबा 0.22 ए. ख.नं. 176/2 रकबा 0.01 ए.,ख.नं. 176/3 रकबा 0.50 ए., ख.नं. 178/2 रकबा 0.56 ए., ख.नं. 182 रकबा 0.24 ए., ख.नं.183 रकबा 0.47 ए. को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाने की राशि का भुगतान कर दिया है। उपरोक्त वर्णित इकरारशुदा संपत्ति का अतिशीघ्र पंजीयन होना है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय को ऊपर वर्णित इकरारशुदा संपत्ति के संबंध में कोई दावा या आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर मय कागजात सहित अपनी दावा या आपत्ति नीचे दर्शित मेरे कार्यालय के पते पर उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि व्यतीत हो जाने के उपरांत कोई भी दावा या आपत्ति मान्य नहीं होगी। तथा मेरा पक्षकार उपरोक्त इकरारशुदा संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा।

सो सूचित हो।
दिनांक - 22/12/2023

भवदीय
एस.के. सिंह (अधिवक्ता)
पता-गंगा नगर, मंगला रोड, बिलासपुर (छ.ग.), मो.नं.-94252-80730

---

**// आम सूचना //**

मैं एस.के. सिंह अधिवक्ता अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार एवं प्रदत्त निर्देश पर निम्नलिखित आशय का आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ। मेरे पक्षकार मनीष बरसैयां पिता श्री मनोहर लाल बरसैयां निवासी शुभम विहार बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा लक्ष्मीन बाई पति भरत लाल निवासी -ग्राम-खजुरी, तहसील तखतपुर, जिला-बिलासपुर से उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य की मौजा घोरामार, प.ह.नं. 15, तहसील तखतपुर जिला-बिलासपुर स्थित खसरा नंबर 166/1, रकबा 0.20 ए., खसरा नंबर 167/2, रकबा 0.58 ए, खसरा नं. 170/2 रकबा 0.14 ए., ख.नं. 171 रकबा 1.50 ए., ख.नं. 177 रकबा 0.26 ए., ख.नं. 184 रकबा 0.64 ए., ख.नं. 282/2 रकबा 0.20 ए. को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाने की राशि का भुगतान कर दिया है। उपरोक्त वर्णित इकरारशुदा संपत्ति का अतिशीघ्र पंजीयन होना है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय को ऊपर वर्णित इकरारशुदा संपत्ति के संबंध में कोई दावा या आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर मय कागजात सहित अपनी दावा या आपत्ति नीचे दर्शित मेरे कार्यालय के पते पर उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि व्यतीत हो जाने के उपरांत कोई भी दावा या आपत्ति मान्य नहीं होगी। तथा मेरा पक्षकार उपरोक्त इकरारशुदा संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा।

सो सूचित हो।
दिनांक- 22/12/2023

भवदीय
एस.के. सिंह (अधिवक्ता)
पता-गंगा नगर, मंगला रोड, बिलासपुर (छ.ग.), मो.नं.-94252-80730

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिल्हा, जिला बिलासपुर**
**नोटिस**

अपील प्रकरण क्रमांक 202302076100001/071/APL / 46 / अ-27 / 2022 2023
ग्राम लिमतरी, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर
पक्षकार संदीप दास मानिकपुरी एवं 1 अन्य वि. अजय दास मानिकपुरी एवं अन्य

प्रति,
1. सुशीलदास पिता पहुप दास
2. सुशीला पिता पहुपदास
3. सुनीता पिता पहुपदास
सभी जाति पनिका सभी खम्हरिया, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर
4. शेखर दास पिता हुकुमदास जाति पनिका निवासी ग्राम लिमतरी, तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर

अपीलार्थी संदीप दास मानिकपुरी पिता पहुप दास जाति पनिका निवासी ग्राम खम्हरिया, तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर ने ग्राम लिमतरी, तहसील बोदरी की भूमि के संबंध में न्यायालय नायब तहसीलदार बोदरी के रा.प्र.क. 202302076100001/अ-27/2022-23 पक्षकार अजयदास वि सुशीलदास में पारित आदेश दिनांक 10.3.2023 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत किया है। जिसमें इस न्यायालय में दिनांक 10.01.2024 को दोपहर 2.00 बजे सुनवाई किया जाना है।

अतः आप लोगो को एतद् द्वारा सूचना दिया जाता है कि उक्त प्रकरण में दिनांक 10.01.2024 को दोपहर 2.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे। अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

आज दिनांक 13.12.2024 को जारी किया गया।
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बिल्हा, जिला बिलासपुर, छ.ग.**

---

**आम सूचना**

विदित हो कि मुझे प्रार्थी के हक स्वामित्व की भूमि मौजा ग्राम बिरकोना तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित है जिसका ख.नं. 966/1 रकबा 0.186, ख.नं. 969 रकबा 0.454 है, जिसका प्रकरण माननीय व्य.वा.क्र 163-अ/17 तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 बिलासपुर में विचाराधीन है जिसका निराकरण होना बकाया है, हमारे उक्त भूमि को मेरे पुत्र संतोष कुमार यादव के द्वारा जाल साझी पूर्वक विक्रय करने का अथक प्रयास किया जा रहा है, उक्त वर्णित भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति क्रय विक्रय करने का किसी भी प्रकार से सम व्यवहार न करें अन्यथा होने वाली नुकसानी की भरपाई संबंधित व्यक्ति को वहन करना होगा। तथा कानूनी कार्यवाही को पात्र होगा।

सो सूचन जाने।
दिनांक 20.12.2023

**लतेलराम यादव**
**आ. स्व. बनवाली यादव**
**निवासी बिरकोना हाल मुकाम रतनपुर तह. रतनपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर छ.ग.**
**राजस्व मामले की नोटिस**

क्रमांक/क/तह./वाचक/2023
बिलासपुर दिनांक 12.12.2023

एतद् द्वारा श्री (1) जितेन्द्र साहू अधिकृत अभिषेक कंस्ट्रक्शन भागीदारी मंगला (2) जहीरउद्दीन पिता फैतुउद्दीन निवासी तेलीपारा बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि ग्राम मंगला प.ह.नं. 35 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 242/1 ,821/4 रकबा 2.47, 0.05 डि. भूमि की रिकार्ड दुरूस्ती के लिए श्री बाबाराम पिता अनुजराम निवासी मंगला द्वारा आवेदन किया गया है।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 12.01.2024 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 12.01.2024 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 12.12.2023 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मरवाही, जिला गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक / 1319 / अ.वि.अ./ वाचक / 2023
मरवाही, दिनांक 14/12/2023

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुंजबिहारी शुक्ला पिता विश्वम्भर शुक्ला उम्र 45 वर्ष, जाति-ब्राम्हण, निवासी ग्राम-बगरार, तहसील मरवाही जिला - गौरेला पेण्ड्रा - मरवाही (छ.ग.) द्वारा ग्राम कुम्हारी, प.ह.नं.-11, रा.नि.मं. मरवाही, तहसील - मरवाही व जिला गौरेला पेण्ड्रा - मरवाही (छ.ग.) स्थित अपने स्वामित्व हक की भूमि खसरा नंबर 205 / 8 रकबा 0.06 ए. को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में धारा 172 छ.ग.भू.रा. संहिता के तहत प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई हित रखते हो तथा आवेदिका को उपरोक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन की अनुमति दिये जाने पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 29/12/2023 तक या उससे पूर्व स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 08/12/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मरवाही, जिला गौरेला-पेण्ड्रा - मरवाही**

---

**न्यायालय श्रीमान षष्ठम् व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 बिलासपुर (छ.ग.)**
**// नोटिस / समंस //**

तरूण कश्यप.......................... वादी
विरूद्ध
अशोक कुमार वगैरह.............प्रतिवादीगण
प्र.क.-सी.एस 88-ब / 2022
आदेश दिनांक 11.12..2023
पेशी दिनांक 02.01.2024
प्रोसेस क्रमांक- 90/22.12.23

प्रति,
1- अशोक कुमार विश्वकर्मा पिता स्व. राधेश्याम
2- राजेश विश्वकर्मा पिता स्व.राधेश्याम
दोनों निवासी- जवाली पुल के पास, काली मंदिर के बाजू से, जूना बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

वादी तरूण कश्यप पिता श्री छेदीलाल कश्यप जाति कश्यप आयु 43 वर्ष निवासी अपोलो रोड़ चांटीडीह, तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा अशोक कुमार विश्वकर्मा आयु 43 वर्ष पिता स्व. श्री राधेश्याम एवं राजेश विश्वकर्मा आयु 40 वर्ष पिता स्व. श्री राधेश्याम दोनों निवासी जवाली पुल के पास काली मंदिर के बाजू से जूना बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के खिलाफ वाद वास्ते रकम वसूली एवं अंतरिम नुकसानी बाबत् कीमती 3,50,000-00रू. न्यायालय श्रीमान सप्तम् व्यवहार न्यायाशीध वर्ग-2 बिलासपुर (छ.ग.) के समक्ष व्य.प्र.कं. 88-ब / 2022 पक्षकार तरूण कश्यप विरूद्ध अशोक कुमार विश्वकर्मा वगैरह प्रस्तुत किया है। जिसकी पेशी दिनांक 02.01.2024 को नियत है। अतः इस ईश्तहार नोटिस के द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 02.01.2024को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा ऐसे किसी अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रकरण में भाग ले, अपना पक्ष रखें अन्यथा वाद में एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अस्तू सूचित हो ।
स्थान- बिलासपुर
दिनांक 21/12/23

**(कु. रूचिता अग्रवाल)**
**षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग.**

मामला क्र. 85... / अ-6अ / 2023-24
ग्राम अमेरी तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीना ठाकुर पति विरेन्द्र सिंह ठाकुर, निवासी अमेरी द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम अमेरी स्थित भूमि खसरा नं. 42/43 रकबा 0.010 हे. भूमि आवेदक के स्वामित्व की भूमि है। उक्त भूमि के वर्तमान रिकार्ड में आवेदक का नाम दर्ज नही है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज किए जाने हेतु न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ.रा. तखतपुर में छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है तथा इस न्यायालय को जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 09/01/2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 06/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**सकरी**

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग.**

मामला क्र. 93... / अ-6अ / 2023-24
ग्राम अमेरी तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीना ठाकुर पति विरेन्द्र सिंह ठाकुर, निवासी अमेरी द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम अमेरी स्थित भूमि खसरा नं. 32/8 रकबा 0.011 हे. भूमि आवेदक के स्वामित्व की भूमि है। उक्त भूमि के वर्तमान रिकार्ड में अनावेदक किरण सिंह ठाकुर का नाम दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज किए जाने हेतु न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ.रा. तखतपुर में छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है तथा इस न्यायालय को जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 09/01/2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 06/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**सकरी**

---

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)
विवाह सूचना का प्रकाशन

[illegible]



[illegible]

---

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग.**
**// ईश्तहार /**

रा.प्र.क्र............/ब-121/2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक श्री / श्रीमति/कु. दीनबंधु साहू पिता/पति/पत्नि श्री मदनलाल साहू, आयु 27, वर्ष निवासी ग्राम समलपुरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छ.ग. के द्वारा अपने दादा की मृत्यु दिनांक 02.09.1997 को हुआ है। ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिक निगम सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा घटना के संबंध में निम्न विवरण उपलब्ध कराते हुए जन्म/मृत्यु की घटना को छ.ग. राज्य जन्म/मृत्यु पंजीयन नियम 2001 के नियम 9(3) (भारत शासन में जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 13(3) के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन क्षेत्र (पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिक निगम/चिकित्सालय का नाम) सकरी के रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) एवं ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत सकरी/मुख्यनगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत सकरी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सकरी प्रभारी अधिकारी, प्राथमिक/उप स्वास्थ्य केन्द्र सकरी तहसील सकरी जनपद पंचायत तखतपुर जिला बिलासपुर के पास जन्म/मृत्यु की एक घटना के विलंब पंजीयन की अनुमति प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 06.01.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात् दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सकरी**

---

**Health Town**

**मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल**
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192

**जड़ से इलाज**
एड़ी पर जोड़ों पर दर्द, गठियावात, नसों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नसों में दबाव, शून्यता, सायटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, रीढ़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

---

**तृतीय पुण्यतिथि**



**स्व. अंजोर दास पाटले**
जन्म तिथी : 10.11.1934 निर्वाण : 23.12.2020
संस्थापक
सतनामी कल्याण समिति बंधवा मुंगेली

**निवेदक**
फणीश्वर पाटले - पुत्र, रूपेश्वर पाटले - पुत्र
भोलेश्वर पाटले - पुत्र, लोकेश्वर पाटले - पुत्र
तेजष पाटले - पौत्र, देवेश पाटले- पौत्र
श्रीमती सुखम पाटले - पत्नि

विनीत:- समस्त सतनामी समाज (छ.ग.)

## निधन

### राम कुमार बंसल



**बिलासपुर।** रियल हेवन अपार्टमेंट मंगला चौक निवासी राम कुमार बंसल का 82 वर्ष की आयु में 22 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे सीए प्रवीण कुमार बंसल, संदीप बंसल, संजय बंसल के पिता एवं प्रखर, अनमोल, मयंक, वैभव और दिव्यांश के दादा एवं आयांश के परदादा थे।

### जगदीश सोनी



**बिलासपुर।** मसानगंज मिश्रा पुस्तकालय गली निवासी जगदीश सोनी का 22 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 दिसंबर शनिवार को दोपहर 12.30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. बल्लभ रोड़ा (लक्ष्मणगढ़ राजस्थान वाले) के पुत्र एवं रामगोपाल सोनी के भतीजे, अशोक, कैलाश के भाई व उमाशंकर सोनी के चाचा तथा सुभाष, सुनील सोनी के पिता थे।

### धीरज शर्मा



**जांजगीर।** शिवरीनारायण से लगे ग्राम तेंदुआ (कुरियारी) निवासी धीरज शर्मा का निधन हो गया। वे 44 वर्ष के थे। वे जवाहर लाल तिवारी के सुपुत्र थे।

### कली देवी



**तखतपुर।** तखतपुर के ग्राम सोढार निवासी कली देवी की 22 दिसम्बर को निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. बिसाहु सिंह ठाकुर की पत्नी एवं रोहन सिंह ठाकुर, शिवा सिंह ठाकुर, रोहित सिंह ठाकुर की मां थीं।

### हरप्रीत कौर चावला



**तखतपुर।** तखतपुर वार्ड क्रमांक 7 निवासी कुमारी हरप्रीत कौर चावला का 21 वर्ष की आयु में 21 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 दिसंबर को तखतपुर मुक्तिधाम में किया गया। वे अमरजीत चावला की पुत्री, दिलप्रीत कौर और पाहुल की बहन तथा सतपाल सिंह चावला की भतीजी थीं।

### घुरुबाई यादव

**तखतपुर।** ग्राम बरेला निवासी घुरुबाई यादव 93 उम्र का शुक्रवार 22 दिसंबर को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 23 दिसंबर दिन शनिवार को गृह ग्राम बरेला में किया जाएगा। वे आरईएस विभाग में पदस्थ राजेन्द्र यादव की दादी थीं।

### जोनल स्टेशन के फार्म नम्बर एक पर भी यात्रियों की भीड़ हो गई खत्म

# ट्रेन और यात्री नहीं तो संचालक बंद कर रहे हैं खान-पान के स्टाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेन नहीं चलने और स्टेशन में विलंब से पहुंचने के कारण यात्रियों के साथ अब पेंट्रीकार और स्टेशन पर यात्रियों का खान-पान स्टाल संचालकों को भी काफी नुकसान होने लगा है। लायसेंस फीस में कटौती नहीं करने के कारण प्रतिदिन नुकसान उठाने वाले संचालकों ने अब स्टाल को सरेंडर करना शुरु कर दिया है। अब तक बिलासपुर से रायपुर और नागपुर तक तीनों डिवीजन में संचालकों ने अपने 100 से अधिक स्टाल बंद कर दिए हैं, जिसकी वजह से स्टेशन के प्लेटफार्म की भी जगह बढ़ गई है।

तीन साल पहले रेलवे ने कोरोना महामारी को देखते हुए सारी यात्री ट्रेनों के साथ खान-पान की सुविधा के लिए खोले गए स्टाल, जनआहार, फूड प्लाजा सहित अन्य स्थानों पर ताला लगाने का आदेश दिया था। इसकी वजह से स्टाल संचालकों के साथ कर्मचारी भी बेरोजगार हो गए। कई संचालकों ने हो रहे नुकसान को देखते हुए स्टाल को सरेंडर कर दिया। कोरोना के बाद चलने वाली स्पेशल ट्रेनों को जब नियमित रूप से परिचालन शुरु हुआ तो थोड़ी बहुत स्थिति में सुधार भी हुआ। ट्रेनों के नियमित चलने से यात्रियों की भीड़ भी स्टेशन प्लेटफार्म पर ट्रेन में दिखने लगी। यह स्थिति ज्यादा दिन तक नहीं रही। नियमित ट्रेनों के चलते ही रेल प्रशासन को तीसरी लाइन, चौथी लाइन के साथ अन्य कार्यो को करने की याद आई। इन कार्यो को करने के लिए रेल प्रशासन ने मालगाड़ियों को छोड़कर यात्री ट्रेनों को रद्द करना शुरु कर दिया, जिसके कारण यात्रियों को परेशानी होने लगी। इस तरह की स्थिति वर्तमान में भी जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के साथ तीनों डिवीजन रायपुर, नागपुर और बिलासपुर सहित अन्य स्टेशनों पर हो रही है। रेलवे ने तीनों डिवीजन में अधोसंरचना के नाम पर सैकड़ों ट्रेनों को रद्द किया गया।



### खाली-खाली रहता है स्टाल

जोनल रेलवे स्टेशन के साथ अब उसलापुर से लेकर कटनी मुरवारा और रायपुर, नागपुर सहित रायगढ़ तक के स्टेशनों का हाल ऐसा है, कि जहां ट्रेनों के स्टेशन पर पहुंचने से पहले स्टाल के कर्मचारी खान-पान का सामान लेकर प्लेटफार्म पर खड़े हो जाते थे। अब ट्रेनों के नहीं चलने के कारण स्टाल, जनआहार, फूड प्लाजा की कुर्सियां खाली-खाली रहती हैं। प्लेटफार्म नम्बर एक पर ही तीन से चार स्टालों पर अब ताला लग चुका है।

### आदर्श स्टेशन में भी सरेंडर

बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन की तरह बुरा हाल आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर का भी है। दुर्ग, रायपुर से बिलासपुर आने वाली चार मुख्य ट्रेनें सारनाथ, अमरकंटक, जम्मूतवी, संपर्कक्रांति सहित करीब एक दर्जन से अधिक एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टापेज आदर्श रेलवे स्टेशन में हो रहा है, लेकिन यहां ट्रेनों के हिसाब से यात्रियों को सुविधा शुरु नहीं हो पा रही है। यात्रियों की संख्या कम होने के कारण आदर्श स्टेशन में भी स्टाल संचालक अपना स्टाल सरेंडर कर रहे हैं।

### रेलवे नहीं करती लायसेंस फीस माफ

स्टाल संचालकों के अनुसार यात्रियों की संख्या कम होने के कारण खाने-पीने के सामान नहीं बिक पा रहे हैं। वहीं ट्रेनों की लेट लतीफी की वजह से प्रतिदिन यात्रियों के लिए बनाए गए भोजन मवेशियों को खिलाना मजबूरी हो गई है। ट्रेन नहीं यात्री नहीं की तर्ज पर लायसेंस फीस कम करने के लिए रेल प्रशासन को पत्र लिखा गया है, लेकिन रेल अफसरों की तरफ से कोई रिस्पांस नहीं मिल पा रहा है। इसकी वजह से अब स्टाल को बंद करने की नौबत आ गई है।

### ट्रेन रद्द नहीं करने का था निर्णय

9 माह पहले एसईसीआर जोनल मुख्यालय के महाप्रबंधक के आदेश पर बिलासपुर रेल मंडल ने कोई भी काम को करने के लिए ट्रेन रद्द करने के बजाय लेट करने का निर्णय लिया था। अफसरों के निर्णय का पालन कुछ माह तक लागू भी हुआ, इसके बाद रेल अफसर अपने ही निर्णय के विपरीत काम करने लगे हैं। ट्रेनों के रद्द और लेटलतीफी के कारण अब मुख्य प्लेटफार्म पर यात्री ट्रेनों के स्थान पर केवल मालगाड़ियां ही दिखाई देती हैं।



# सशिमं में मनाया गया रामानुजन का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरताल

सरस्वती शिशु मंदिर सेमरताल में महान गणितज्ञ रामानुजन के जन्मदिन पर शुक्रवार को गणित माडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के प्रारंभ में संचालन समिति के कोषाध्यक्ष कामता प्रसाद धीवर, उपाध्यक्ष केदारनाथ विश्वकर्मा, सदस्य योगेंद्र धीवर, व्याख्याता अनिल वर्मा, ग्रंथपाल टीआर लहरें, प्रधानाचार्य रविन्द्र नाथ गहवई भारतमाता की प्रतिमा की पूजा की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अनिल वर्मा ने कहा कि श्री रामानुजन अद्वितीय गणितज्ञ थे। दक्षिण भारत में जन्म लेने वाले इस विद्वान ने गणित की सैकड़ों समीकरण दिए हैं। जीवन में गणित का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है , इसलिए बच्चों के लिए गणित विषय पर माडल प्रदर्शनी का आयोजन एक सार्थक पहल है। इससे गणित की समझ रुचिकर होगी। कार्यक्रम में मंचस्थ अभ्यागतों का तिलक वंदन से स्वागत शिशु मंदिर की बहन माया दुबे, पूजा लासरे ने किया। गणित प्रदर्शनी के सभी प्रतिभागियों सहित संकुल खेल के विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य रविन्द्र नाथ गहवई ने किया।

# दिव्यांग शिविर में मिले 165 आवेदन



**तखतपुर।** जनपद पंचायत तखतपुर में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जिसमें मोटराइज्ड ट्रायसिकल के लिए 163 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 65 आवेदन मोटराइज्ड ट्रायसिकल के लिए पात्र एवं दो स्मार्ट केन के आवेदन पात्र पाए गए। जनपद पंचायत सभाकक्ष में 21 दिसम्बर को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में ऐसे पात्र हितग्राही जिन्हें दिव्यांगता के चलते आवागमन में असुविधा होती है, ऐसे दिव्यांगों ने जनपद पंचायत में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर अपने लिए संसाधन के आवेदन दिए थे। इसमें 163 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 65 आवेदन मोटराइज्ड ट्रायसिकल के लिए पात्र एवं दो स्मार्ट केन के आवेदन पात्र पाए गए। शिविर में अखण्ड प्रताप गौतम, पुष्पा साहू, राजकुमारी सोनी, धर्मेंद्र यादव, प्रतीक खंडेलवाल, मानदास, रामेश्वर कौशिक, बोनू ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सचिव संघ ने की एसडीओ से भेंट

**तखतपुर।** नवपदस्थ अनुविभागीय अधिकारी महेश शर्मा का सचिव संघ ब्लॉक इकाई तखतपुर के नवनियुक्त ब्लॉकध्यक्ष तुलसी ध्रुव के नेतृत्व में सौजन्य मुलाक़ात कर तखतपुर में नियुक्ति के लिए शुभकामनाएं दी गई। शासन की सभी कार्यों को एसडीएम के आदेशानुसार समय पर पूरा करने हेतु आश्वस्त तथा एस डी एम द्वारा संघ को उनसे अपेक्षित सहयोग करने की बात कही गई। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष तुलसी ध्रुव, सचिव जीतेन्द्र साहू, हरप्रसाद भास्कर, सालिक सिंगोरे, मुकेश वर्मा, सुलक्षणा बंजारे, महेंद्र कौशिक, वीरेंद्र ध्रुव, अमित सूर्यवंशी, सत्यप्रकाश साहू एवं अभ्युदय तिवारी सहित बड़ी संख्या में सचिव उपस्थित रहे।

### वीरानी पब्लिक हाईस्कूल में रंगारंग वार्षिकोत्सव आज

**सीपत।** वीरानी पब्लिक हाईस्कूल सीपत में शनिवार को 4 बजे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ी व देश के विभिन्न पारंपरिक नृत्य व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीपत के अध्यक्ष व सीपत सरपंच राजेंद्र धीवर, विशिष्ट अतिथि जनपद सभापति प्रमिलदास मानिकपुरी स्कूल की संचालिका श्रीमती नसीम एस विरानी प्राचार्य श्रीमती तारा गिरी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी शाला के शिक्षक प्रदीप पांडेय ने दी।

**कार्यालय-रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्रध्दा महिला बुनकर सहकारी समिति मर्या. नवापारा लोफंदी,**
**पंजीयन क्र. 366 वि.ख. बिल्हा जिला बिलासपुर**

क्र. / निर्वाचन /Q
दिनांक 22/12/2023

**विज्ञप्ति**

श्रध्दा महिला बुनकर सहकारी समिति मर्या. नवापारा लोफंदी पंजीयन क्र. 366, जिला बिलासपुर के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की हैसियत से सदस्यों के सूचनार्थ विज्ञप्ति प्रकाशित की जाती है कि राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग छ.ग. के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम क्रमांक 49-गग के उप-नियम (3) के अधीन सोसाइटी की मतदाता सूची प्रकाशित करता हूं तथा एतद् द्वारा सूचित करता हूँ कि इस मतदाता सूची के संबंध में यदि किसी सदस्यों को कोई दावा या आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के सूची प्रकाशित होने के दिनांक 22/12/2023 से दिनांक 28/12/2023 के भीतर लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में सोसाइटी के कार्यालय में श्री श्रवण देवांगन को प्रस्तुत कर सकते हैं ।

सूची पर प्रस्तुत दावो एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 29/12/2023 समय 11 बजे पर किया जायेगा तथा इस प्रकार उपांतरित सूची को अंतिम मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जावेगा।

**(नितिन घोरे)**
**रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्रध्दा महिला बुनकर सहकारी समिति मर्या. नवापारा लोफंदी, बिलासपुर**




## खबर संक्षेप

### छग प्रदेश कर्मचारी संघ की बैठक कल

**बिलासपुर।** छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला शाखा की बैठक 24 दिसंबर को दोपहर 1 बजे विवेकानंद गार्डन के सामने कर्मचारी भवन में होगी। संघ के सचिव किशोर शर्मा ने बताया कि इस बैठक में संघ के केंद्रीय प्रबंध समिति रायपुर में 30 दिसंबर को होने वाली बैठक के साथ ही संघ के अन्य संगठनात्मक मुद्दों पर परिचर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। श्री शर्मा ने जिले के सभी प्रांतीय, संभागीय, जिला एवं तहसील कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### हार्वेस्टर सड़क किनारे पलटा, हेल्पर की मौत

**बिलासपुर।** धान मिंजाई कर लौट रहा हार्वेस्टर सड़क किनारे पलट गया, जिससे हेल्पर की मौत हो गई वहीं चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बिल्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत हाइवे मेनरोड पर मुढ़ीपार के पास शुक्रवार सुबह लगभग 4 बजे की है। मृतक हेल्पर के पिता दिलेश्वर चंद्रा ने इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वे ग्राम भोथिया जाटापारा जैजैपुर सक्ती में रहकर खेती किसानी का काम करते है। उनके दो बेटे हैं। बड़ा लड़का भरतलाल चंद्रा मजदूरी करता है। 21 दिसंबर को गांव के योगेश चंद्रा के हार्वेस्टर को लेने बेमेतरा जिला के उमरिया गांव गया था। वहां से हार्वेस्टर लेकर वापस घर वापस आ रहा था। हार्वेस्टर योगेश चला रहा था। आते समय 22 दिसंबर शुक्रवार सुबह 4 बजे ग्राम मुढीपार हाईवे मेन रोड के पास हार्वेस्टर को तेजी और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अनियंत्रित कर रोड के नीचे गड्ढे में पलटा दिया। इसमें बैठे भरत लाल चंद्रा की गाड़ी में दबने से मौत हो गई। हार्वेस्टर चालक योगेश के सिर में चोट लगी है। मामले में मृतक भरतलाल चंद्रा के पिता दिलेश्वर चंद्रा की रिपोर्ट पर पुलिस ने हार्वेस्टर क्रमांक सीजी 13 डब्ल्यू 2215 के चालक योगेश चन्द्रा के खिलाफ धारा 279, 304-ए, 337 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### दोस्त से मिलने पहुंचे युवक की पिटाई

**बिलासपुर।** इंस्टाग्राम में हुई दोस्ती के बाद दोस्त से मिलने शहर पहुंचे युवक को दोस्त तो नहीं मिली, लेकिन उसकी बेल्ट और डंडा से पिटाई कर दी गई। युवक ने सरकंडा थाने पहुंच मामले में शिकायत दर्ज कराई है। जांजगीर चांपा जिला के कोटमीसोनार गोंड़पारा मस्जिद के पास रहने वाला इमरान खान पिता रफीक खान 22 वर्ष गुरूवार को बिलासपुर काम की तलाश में पहुंचा था, जिसके बाद उनसे अपनी इंस्टाग्राम दोस्त से चेंटिग की, उनके बीच राजकिशोर नगर शक्ति चौक के पास मुलाकात करना तय हुआ। इमरान अपने दोस्त निसार खान को लेकर पहुंचा। लेकिन वहां युवती की जगह अरमान खान अपने कुछ दोस्तों के साथ पहुंच गया और इमरान के साथ विवाद करते हुए बेल्ट व डंडा से मारपीट की, जिससे इमरान के पीठ, दोनों जांघ व दाहिने कंधा व पसली में चोट लगी। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। घायल इमरान ने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में दर्ज कराई है।

### 1400 मीटर केबल चोरी करने वाला पकड़ा गया

**बिलासपुर।** सीएमडी चौक के पास सीसीटीवी कैमरे का 1400 मीटर केबल चोरी हो गया था। जिसकी शिकायत तारबाहर थाने में की गई थी। शिकायत करते हुए उसलापुर निवासी ऐनुल हक ने बताया था कि चोर के केबल ले जाने से सीएमडी चौक में लगे सीसीटीवी कैमरा बंद हो गया। केबल की कीमत 50 हजार बताई गई थी। शिकायत के बाद तारबाहर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों का फुटेज देखा। मुखबिर से सूचना मिली कि पुराना बस स्टैण्ड के आरोपी घूम रहा है। जिसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ा और पुछताछ की उसने अपना नाम श्याम लाल श्रीवास बताया और चोरी किए हुए केबल को जलाकर दिनेश साहू और शमीम खान उर्फ बाबा खान कबाड़ियों के पास बेचने की बात कही। पुलिस ने उसके बताए अनुसार जला हुआ कापर तार जब्त कर चोरी का समान खरीदने के आरोप में दिनेश साहू और शमीम खान उर्फ बाबा खान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया ।

# माओवादी हमले से हावड़ा की ट्रेनें घंटों लेट पहुंची, यात्री हुए हलाकान

**बिलासपुर।** गुरुवार की रात माओवादियों ने झारखंड पर आंदोलन के साथ रेलवे ट्रैक को भी उड़ा दिया, जिसके कारण दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह हावड़ा से बिलासपुर आने वाली हावड़ा-मुम्बई की ट्रेनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लग गया। आंदोलन की वजह से सुबह बिलासपुर आने वाली हावड़ा-मुम्बई मेल एक्सप्रेस दोपहर 3 बजे के बाद और आजाद हिंद एक्सप्रेस रात 8 बजे के बाद बिलासपुर जोनल स्टेशन पहुंची, जिसके कारण यात्री हलाकान होते रहे।



ट्रेनों की लेट लतीफी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रतिदिन हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली अप-डाउन एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, दूरंतो जैसी ट्रेनें सुबह के बजाय शाम और रात तक बिलासपुर स्टेशन पहुंच रही हैं, जिसके कारण सफर करने वालों के साथ इंतजार करने वाले यात्री घंटों हलाकान हो रहे हैं। यात्रियों को परेशान करने के लिए रेल प्रशासन मालगाड़ियों को पहले रवाना कर रही है, जिसकी वजह से यात्री ट्रेनों को आउटर में नियंत्रित किया जा रहा है। यात्रियों की परेशानियों के बावजूद ट्रेनों की समयबद्धता में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। इसी तरह की स्थिति शुक्रवार को भी बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में रही। बिलासपुर में प्रतिदिन हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों के अलावा नई दिल्ली, कटनी रूट की ट्रेनों का आवागमन होता है। गुरुवार की रात झारखंड में माओवादियों ने आंदोलन के चलते रेलवे ट्रैक पर भी प्रदर्शन किया। इसके कारण हावड़ा से बिलासपुर आने वाली गीतांजली एक्सप्रेस के अलावा सुबह 7 बजे पहुंचने वाली हावड़ा-मुम्बई मेल दोपहर 4 बजे, सुबह 8 बजकर 55 मिनट पर आने वाली 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस 11 घंटे, 12261 सीएसएमटी-हावड़ा वातानुकूलित दूरंतो एक्सप्रेस 10 घंटे, सुबह 7 बजकर 5 मिनट पर आने वाली 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस 14 घंटे, 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो एक्सप्रेस 5 घंटे, 13288 राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस 3 घंटे 30 मिनट, 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस सुबह 11.40 के स्थान पर रात 9 बजे के बाद, 18477 पुरी-योगनगरी उत्कल एक्सप्रेस 2.15 की रात 9 बजे के बाद यानि 7 घंटे विलंब से बिलासपुर स्टेशन पहुंची। इसकी वजह से दोपहर से रात तक यात्रियों को ठंड में बैठकर ट्रेन का इंतजार करना पड़ा।

### नान इंटरलाकिंग से ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

दक्षिण मध्य रेलवे के काजीपेट-बल्लारशाह सेक्शन के हसनपार्थी पार्टी रोड स्टेशन और उप्पल स्टेशन के मध्य तीसरी रेल लाइन जोड़ने हेतु नॉन इंटरलॉकिंग कार्य तथा नॉन इंटरलॉकिंग से पहले के कार्य को करने के लिए ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक की आवश्यकता के कारण इस रूट की कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ट्रेनें भी शामिल है। इन ट्रेनों में कोरबा से प्रारंभ होने वाली 22647 कोरबा कोचुवेली एक्सप्रेस 3 जनवरी को, कोचुवेली से प्रारंभ होने वाली 22648 कोचुवेली कोरबा एक्सप्रेस 1 जनवरी को, बिलासपुर से प्रारंभ होने वाली 22619 बिलासपुर-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस 2 और 9 जनवरी को, तिरुनेलवेली से प्रारंभ होने वाली 22620 तिरुनेलवेली बिलासपुर एक्सप्रेस 31 दिसम्बर और 7 जनवरी को, यशवंतपुर से प्रारंभ होने वाली 12251 यशवंतपुर कोरबा एक्सप्रेस 9 और 14 जनवरी को, कोरबा से प्रारंभ होने वाली 12252 कोरबा यशवंतपुर एक्सप्रेस 11 और 14 जनवरी को, हैदराबाद से प्रारंभ होने वाली 07051 हैदराबाद रक्सौल स्पेशल एक्सप्रेस 30 दिसम्बर और 6, 13 जनवरी को, रक्सौल से प्रारंभ होने वाली रक्सौल 07052 सिकंदराबाद स्पेशल एक्सप्रेस 2, 9, 16 जनवरी को पटना से प्रारंभ होने वाली 03253 पटना सिकंदराबाद स्पेशल एक्सप्रेस 1, 3, 8, 10 जनवरी को हैदराबाद से प्रारंभ होने वाली 07255 हैदराबाद पटना स्पेशल एक्सप्रेस 3, 10 जनवरी को, 5 और 12 जनवरी को सिकंदराबाद से प्रारंभ होने वाली 07256 सिकंदराबाद पटना स्पेशल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इनके अतिरिक्त 31 दिसम्बर और 7 जनवरी को बिलासपुर से प्रारंभ होने वाली 12851 बिलासपुर-मद्रास एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग के बदले परिवर्तित मार्ग बिलासपुर, रायपुर, लखौली, विजीनगरम, दुववाड़ा, विजयवाड़ा मार्ग से चलेगी। 1 और 8 जनवरी को मद्रास से प्रारम्भ होने वाली 12852 मद्रास बिलासपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग के बदले परिवर्तित मार्ग विजयवाड़ा, दुववाड़ा, विजीनगरम, लखौली, रायपुर, बिलासपुर पहुंचेगी।

## सांसदों के निलंबन के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

# हार के बाद एकजुट दिखे कांग्रेसी, दूसरे दल के नेता और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस नेताओं ने एकजुटता दिखाई। इंडिया एलायंस गठबंधन के बैनर तले कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने धरना देकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला लेकिन, इस आयोजन में आम आदमी पार्टी, बसपा समेत अन्य पार्टियों के नेता और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति काफी कम रही।

दरअसल, विधानसभा चुनाव में हार के बाद केंद्र सरकार के खिलाफ इंडिया अलायंस गठबंधन का यह पहला विरोध-प्रदर्शन रहा। जिसमें राजनीतिक दलों के नेताओं में एकजुटता नजर नहीं आई। ज्ञात हो कि पिछले दिनों 143 सांसदों के निलंबन के विरोध में इंडिया अलायंस गठबंधन ने दिल्ली में बैठक लेकर पूरे देश भर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का आह्वान किया था। विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस का यह पहला धरना प्रदर्शन रहा। इसमें जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ ही विधायक, पूर्व विधायक सहित सभी नेताओं की मौजूदगी रही। संगठन के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि अपने समर्थकों के साथ जरूर नजर आए लेकिन जितनी भीड़ की बात थी, उतने लोग नहीं पहुंच सके थे। इस दौरान कांग्रेस शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि आज देश के सामने सबसे बड़ी समस्या है लोकतंत्र की रक्षा करना । केंद्र में सत्तासीन सरकार अपनी विफलता और हताशा को छिपाने के लिए सांसदों को बोलने से रोक रही है। आज लोकतंत्र का मंदिर भी आतंक के साये में है पर दुर्भाग्य है कि भाजपा के जिस सांसद के माध्यम से पास जारी किया गया ,उस सांसद को बचाने के लिए भाजपा ने 150 सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। श्री पांडे ने कहा कि नरेंद्र मोदी एक असफल , बड़बोले और तानाशाह बन गए है। संसद में घुसने वालों पर यूएपीए की धारा लगाई गई, फिर भाजपा सांसद पर यूएपीए क्यों नही लगाया गया। उस घटना के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री संसद में क्यों नही थे। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह घटना सोची समझी प्लानिंग का हिस्सा है। विपक्ष इन्हीं सब मुद्दों पर संसद में चर्चा कराना चाहता है तो प्रधानमंत्री, गृहमंत्री क्यों मना कर रहे हैं। इस धरना प्रदर्शन में बैजनाथ चन्द्राकर, आर मुखोपाध्याय, नंद कुमार कश्यप, लल्लन सिंह, पवन शर्मा, महेंद्र गंगोत्री, नरेंद्र बोलर, प्रमोद नायक, शिव बालक कौशिक, विनोद साहू, लक्ष्मी साहू, मोती ठारवानी, महेश दुबे, राजेन्द्र धीवर, चित्रकान्त श्रीवास आदि ने भी सम्बोधित किया। धरना में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, महापौर रामशरण यादव ,पूर्व विधायक बैजनाथ चन्द्राकर, सियाराम कौशिक, शैलेश पांडेय, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, राजेश पांडेय, अभय नारायण राय ,रविन्द्र सिंह, शिवा मिश्रा,राजेन्द्र शुक्ला, स्वप्निल शुक्ला, पंकज सिंह,स्वर्णा शुक्ला,शिल्पी तिवारी आदि उपस्थित थे।




इंडिया एलायंस गठबंधन के बैनर तले धरना देते कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ता।

### ऐसी घटनाएं भाजपा के समय में ही क्यों होती हैं: विजय

ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि संसद में हमला लोकतन्त्र पर हमला है और ऐसी घटनाएं भाजपा के समय में ही क्यों होती हैं। देश के अंदर जब भी तंकी हमले हुए सत्ता में भाजपा थी। इसमें कंधार प्लेन हाई जैक, अक्षरधाम मंदिर में आतंकवादी हमला, संसद में आतंकवादी हमला, अस्त्रागार पठानकोट में आतंकवादियों का घुसना फिर मोदी द्वारा पाकिस्तानी गुप्तचर आईएसआई के अधिकारियों को जांच करने की अनुमति देना, पुलवामा में 40 सैनिको का शहीद होना और वहाँ पदस्थ डीएसपी देवेंद्र सिंह को राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित करना फिर वही देवेंद्र सिंह को आतंकवादियों के साथ पकड़ना एक गम्भीर विषय है। यह सारी घटनाएं बड़ी साजिश की ओर इशारा करती हैं।

### कुछ तो है जिसे केंद्र सरकार छिपाना चाहती है: अटल

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि कुछ तो राज है जिसे केंद्र सरकार छिपाना चाहती है , नहीं तो संसद की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को बहस कराने से क्यों एतराज है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सांसद भी संसद की सुरक्षा को चिंतित है। जब तीन लेयर की सुरक्षा को भेद कर साथ मे गैस केन को लेकर जाना एक गम्भीर विषय है। जहरीली गैस होती तब सांसदों का क्या होता। कोटा विधायक श्री श्रीवास्तव ने कहा कि नरेंद्र मोदी खुद की पीठ ठोंक कर कहते हैं कि देश सुरक्षित हाथो में है फिर संसद की सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक कैसे सम्भव है। संसद में कूदने वाले हरियाणा, कर्नाटक, यूपी के हैं। फिर भाजपा के सांसद का उनसे सम्पर्क कैसे हुआ ,क्यो हुआ ,उन लोगों को पास देने का क्या कारण हैं।



# ठगी करने वाले दिल्ली गैंग के 12 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर और मुंगेली में अलग-अलग 7 मामलों में सोने-चांदी के गहने ठगने वाले दिल्ली गैंग के 12 सदस्यों को बिलासपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें 5 पुरूष, 4 महिला और 3 नाबालिग शामिल है। पुलिस ने इनके कब्जे से 10 लाख रूपए से अधिक की सोने - चांदी सहित अन्य सामान जब्त किया है।

- बिलासपुर और मुंगेली में 7 अलग-अलग मामलों में महिलाओं को झांसा देकर लाखों का सोना-चांदी लूटा

पुलिस ने इसके लिए बिलासपुर और मुंगेली के 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का फुटेज खंगाला, जिसमें पांच रूपए को लेकर एक आरोपी ने ऑटो चालक से बहस की थी, ऑटो चालक ने फुटेज में उसे पहचान लिया, जिसके कारण दिल्ली गैंग के ठगी करने वाले 12 सदस्य सलाखों के पीछे पहुंच गए हैं। एसीसीयू के प्रभारी कृष्णा साहू ने बताया कि शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में महिलाओं को झांसा देकर लूट और ठगी के मामले सामने आ रहे थे। एसपी संतोष कुमार सिंह ने एसीसीयू की टीम को जांच के निर्देश दिए। एसीसीयू की टीम मामले की जांच कर रही थी। एसीसीयू को 16 दिसंबर को सूचना मिली कि इसी तरह की घटना मुंगेली में हुई है। वहां पर संदेहियों के स्पष्ट फुटेज मिले। एसीसीयू के प्रभारी ने तत्काल एक टीम मुंगेली रवाना कर दिया। मुंगेली में जांच के दौरान पता चला कि आरोपी आटो से तखतपुर तक गए हैं। आटो चालक ने बताया कि आरोपी बस से बिलासपुर गए। बस के कंडक्टर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे लोग मंगला चौक पर उनकी बस से उतर गए थे। मंगला चौक के पास पुलिस ने आटो चालकों से पूछताछ शुरू कर दी।

### किराए में लिया मकान

पुलिस को एक आटो चालक ने बताया कि फुटेज में दिख रहे लोग चांटीडीह तक जाने के लिए मोलभाव कर रहे थे। पांच रुपये के लिए देर तक मोलभाव करने के बाद सभी लोग वहां से पैदल ही निकल गए। इसके बाद एसीसीयू की टीम चांटीडीह में सक्रिय हो गई। मुखबिर ने बताया कि सभी संदेही रामायण चौक के पास किराए मकान में रहते हैं। उन्होंने कंबल, चादर फेरी करने के नाम से मकान किराए पर लिया है। इसके बाद पुलिस की टीम ने सभी संदेहियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद आरोपियों के कब्जे से लूट और धोखाधड़ी के जेवर जब्त कर लिया है। इसके साथ ही नकली नोट और नकली जेवर जब्त किए गए हैं।

### ठगी के बाद पैदल भागते, पुलिस परेशान

एसीसीयू के प्रभारी कृष्णा साहू ने बताया कि शहर के सिविल लाइन, तारबाहर, कोतवाली क्षेत्र में ठगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम जांच कर रही थी। इस दौरान चौक-चौराहों पर लगे कैमरों के फुटेज लिए गए। इसमें किसी भी कैमरे में संदेहियों की स्पष्ट तस्वीर नहीं थी। इसके अलावा आरोपी भागने के लिए पैदल रास्तों का उपयोग करते थे। चौराहों पर जाने से वे बचते रहे। साथ ही घटना को अंजाम देने के बाद सीधे अपने ठिकाने तक जाने के बजाए अलग-अलग चौक-चौराहों पर उतरकर दूसरे वाहनों का उपयोग करते थे। इसके कारण पुलिस कई दिनों तक उलझी रही।



### इनकी हुई गिरफ्तारी

बाबू लाल राठौर 50 वर्ष निवासी उत्तम नगर नई दिल्ली।
वीरू सोलंकी 28 वर्ष निवासी न्यु विकास नगर जिला गाजियाबाद
गोविन्द सोलंकी 22 वर्ष निवासी न्यु विकास नगर जिला गाजियाबाद
विनय वर्मा 36 वर्ष निवासी मंगल दक्षिण दरवाजा जिला बस्ती यूपी।
मनोज सोलंकी 31 वर्ष निवासी राजीव नगर बेगमपुर नई दिल्ली।
लक्ष्मी सोलंकी 22 वर्ष निवासी न्यु विकास नगर जिला गाजियाबाद यूपी।
गौरी सोलंकी 19 वर्ष निवासी न्यु विकास नगर जिला गाजियाबाद यूपी।
पूनम राठौर 28 वर्ष निवासी उत्तम नगर नई दिल्ली। सीता देवी 35 वर्ष, निवासी नई दिल्ली साथ ही तीन नाबालिग भी गिरफ्तार हुए।

# एसपी ने ली पुलिस वालों की क्लास, कराया शस्त्र अभ्यास

**बिलासपुर।** पुलिस मैदान में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने जनरल परेड लिया। परेड निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी कर्मचारियों की वर्दी, अनुशासन और परेड ज्ञान की जांच की गई।

इस दौरान पांच अधिकारी कर्मचारियों को सर्वोत्तम वर्दी व अनुशासन में रहने पर इनाम देकर प्रोत्साहित किया गया। वहीं कमी पाए जाने पर दो को सजा दी गई। इस अवसर पर लॉ एंड ऑर्डर में काम आने वाले टोलीवार स्क्वॉड ड्रील कराया गया, जिसमें शस्त्र अभ्यास, संदेशपत्र के साथ सेल्यूट, दिशा बदल, स्क्वॉड बन, धीरे चाल व ट्रैफिक संकेत आदि का अभ्यास कराया गया। डॉग स्क्वॉड में उपस्थित डॉग मास्टरों से स्नेफ़र डॉग का अभ्यास कराया। वीआईपी मूवमेंट, चोरी, हत्या और अन्य मामलों में डॉग के द्वारा किस तरह से कार्यवाही की जाती है, इसका डेमो दिखाया गया तथा उनका सावधानी पूर्वक रख रखाव करने की हिदायत दी। इसमें सीएसपी पूजा कुमार, डीएसपी लाइन मंजुलता केरकेट्टा, डीएसपी संजय साहू सहित थाना, चौकी, ऑफिस और पुलिस लाइन के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।



### प्रकरणों का किया निराकरण

परेड के बाद पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने ओआर और गुजारिश सुनी। छोटी गलती, अनुपस्थिति, अनुशासनहीनता जैसे प्रकरण का तत्काल निराकरण के लिए प्रधान आरक्षक और आरक्षकों का ओआर पेशी में पेश कर प्रकरण का निराकरण किया गया और कर्मचारियों की गुजारिश सुनकर समस्या का निराकरण संबधित अधिकारी और शाखा को निर्देशित किए। थाना, चौकी, ऑफिस और पुलिस लाइन के अधिकारी-कर्मचारी का रोटेस्टर वार अनिवार्य रूप से सम्मिलित करने और परेड लगातार जारी रखने के लिए निर्देश दिया गया, जिससे अनुशासन बेहतर किया जा सके।

### स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश

एसपी संतोष सिंह ने इस दौरान शासकीय वाहनों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वाहनों के रख-रखाव, उचित मरम्मत, ड्राइवर डायरी, टूल्स और वाहनों की जांच की। उन्होंने आरआई भूपेंद्र गुप्ता को चालकों का स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण कराने निर्देशित किया। वाहन चालकों का समय समय पर प्रशिक्षण आयोजित कर री फ्रेशर कोर्स और अन्य बिंदु की जानकारी देने निर्देश दिया।

### 250 क्विंटल राशन की गड़बड़ी

**बिलासपुर।** बिल्हा ब्लाक के ग्राम पंचायत फरहदा के ग्रामीण बुधवार को कलेक्टोरेट पहुंचे। तीन महीने से ठीक से राशन नहीं मिलने पर परेशानी बताई और जल्द सब ठीक नहीं होने पर बच्चों और परिवार सहित कलेक्टर चेंबर के सामने आंदोलन करने की चेतावनी दी। महिलाओं के हंगामे पर खाद्य विभाग के अधिकारी सक्रिय हुए और सोमवार तक व्यवस्था बनाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया गया। आक्रोशित ग्रामीणों के अनुसार करीब 250 क्विंटल चावल की गड़बड़ी करने पर खाद्य विभाग ने पुराने सेल्समैन को हटा दिया है। चार महीने पहले नया सेल्समैन राशन बांट रहा है। तभी से परेशानी शुरू हुई है। ग्रामीणों को महीने के अंत में चावल मिलता है वह भी आबंटन से कम। पूछने पर सेल्समैन द्वारा कह दिया जाता है कि खाद्य विभाग से ही राशन का आंबनट कम आ रहा है क्योंकि कटौती की जा रही है। आबंटन के हिसाब से ही ग्रामीणों में राशन बांटा जा रहा है। फरहदा के रघुनंदन धुरी, सत्यवती यादव, रुकमणी धूरी ने कहा कि हर महीने कई लोग राशन से वंचित हो रहे हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# अवैध उत्खनन-परिवहन में लगे 10 वाहन जब्त

**बिलासपुर।** खनिज अमले ने अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामले में कार्रवाई करते हुए 10 वाहनों को जब्त किया है। सभी वाहनों पर खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

**खनिज विभाग की कार्रवाई**

खनिज विभाग के अनुसार मस्तूरी, सरकंडा एवं लाल खदान क्षेत्रों में सतत निरीक्षण कर अवैध खनिज परिवहन कर रहे कुल 4 वाहनों को जब्त कर खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इनमें 2 वाहनों में रेत, 1 वाहन में चूना पत्थर (गिट्टी), 1 वाहन में मिट्टी (ईट) का अवैध परिवहन किया जा रहा था। उक्त सभी वाहनों को थाना कोनी, थाना सरकंडा एवं खनिज जांच नाका लावर (मस्तूरी) में सुरक्षार्थ रखा गया है। इसके साथ ही ग्राम बुटेना एवं दर्रीघाट क्षेत्र में जांच के दौरान अवैध उत्खनन कर रहे 2 प्रकरणों पर कार्यवाही की गई। ग्राम बुटेना क्षेत्र में अवैध मिट्टी मुरूम उत्खनन के 1 प्रकरण दर्ज कर 2 हाइवा, 1 जेसीबी तथा दर्रीघाट क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन में 1 प्रकरण दर्ज कर 2 ट्रेक्टर जब्त कर खनिजमय वाहनों पर खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।



खनिज विभाग ने की कार्वाई, जब्त वाहन।

### दो दिन पहले भी जब्त किए थे 11 वाहन

खनिज विभाग के अफसरों ने बताया कि शहर के आसपास लगातार जांच की जा रही है। बीते पांच दिनों से खनिज विभाग मैदानी इलाकों में सक्रिय है। अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। कोनी, रतनपुर, मस्तूरी, सिरगिट्टी और बिलासपुर क्षेत्रों में सतत निरीक्षण कर अवैध खनिज परिवहन कर रहे 11 वाहनों को जब्त कर खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।



## खबर संक्षेप

### संकल्प यात्रा शिविर में ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी



**मुंगेली।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज जिले के विकासखंड मुंगेली के ग्राम कोसमा व लोहड़िया और विकासखंड लोरमी के ग्राम सारिसताल व धनियाडोली में संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। विभागीय अधिकारियों द्वारा शिविर में स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ पेयजल सुविधा आदि से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही योजना के लाभ से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। शिविर में 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प भी दिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा शिविर में पहुंचे लोगो का स्वास्थ्य, टीबी, सिकल सेल की जांच की गई और आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाई उपलब्ध कराया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई और गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को अपने खानपान में पोषण आहार लेने प्रेरित किया गया।

### नशे के विरूद्ध कार्रवाई जारी, पुलिस ने जब्त की 29 लीटर से अधिक की शराब



**मुंगेली।** जिला पुलिस की टीम ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 8 आरोपियों के विरूध्द आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। थाना पथरिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते हुए रंजीत श्रीवास के कब्जे से 6.6 लीटर देसी शराब जप्त किया गया। इसी प्रकार पुलिस टीम द्वारा खर्रीपारा मुंगेली में दबिश देकर अनिल सारथी के कब्जे से 5.4 लीटर देसी शराब जब्त किया गया। थाना लोरमी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम लच्छनपुर में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करने वाले भूपेन्द्र घृतलहरे के कब्जे से 2.7 लीटर, थाना पथरिया द्वारा साप्ताहिक बाजार पथरिया में दबिश देकर उपेश बंजारे के कब्जे से 3.2 लीटर एवं अधनु साहू के कब्जे से 4.5 लीटर, थाना चिल्फी द्वारा ग्राम गोल्हापारा में दबिश देकर धर्मेन्द्र साहू के कब्जे से 2.7 लीटर देसी शराब, थाना मुंगेली द्वारा बुधवारी बाजार में दबिश देकर रिषी जोगवंशी के कब्जे से 1.8 लीटर, लोरमी तिराहा में दबिश देकर अनिल कुमार के कब्जे से 2.5 लीटर अवैध देसी शराब जप्त कर सभी आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया।

### जिले में किसानों से 11 लाख 73 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव



**मुंगेली।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में जिले में सुचारू व व्यवस्थित रूप से धान खरीदी और उठाव कार्य जारी है। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 105 धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं और सभी उपार्जन केंद्रों में व्यवस्थित रूप से धान खरीदी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 105 उपार्जन केंद्रों में अब तक 17 लाख 48 हजार से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है तथा खरीदी गए धान में से 11 लाख 73 हजार 894 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 14 लाख 59 हजार 353 क्विंटल मोटा धान, 03 हजार 966 क्विंटल पतला धान और 02 लाख 85 हजार 109 क्विंटल सरना धान की खरीदी हुई है। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी हेतु पर्याप्त व्यवस्था की गई है। व्यवस्थित धान खरीदी एवं उठाव हेतु नोडल अधिकारियों और जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सरिसताल एवं धनियाडोली में



**लोरमी।** ग्राम पंचायत सारिसताल एवं धनियाडोली में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन शुक्रवार की सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया। 16 नवम्बर को शुरू हुई यह संकल्प यात्रा का उद्देश्य देश में लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताना है। इसमें बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुरमीत सलूजा जिला महामंत्री, महेन्द्र खत्री सांसद प्रतिनिधि, विरेन्द्र गुप्ता किसान मोर्चा जिला महामंत्री, श्रीमति अनिता उत्तम साहू जनपद सदस्य, राजीव तिवारी सीईओ जनपद लोरमी उपस्थित रहे। शिविर में शासन की महत्वकाक्षी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाकर लोगों को शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेल 135, हेल्थ चेकअप, 468 कृषि, सहकारिता, उद्यान, मत्स्य पालन, पशुधन केसीसी 13, खाद्य विभाग उज्जवला योजना 11 नये कनेक्शन 30 ईकेवासी, आयुष्मान कार्ड 22, पेंशन 11, शौचालय 78, कौशल विकास प्रशिक्षण 8, शिक्षा विभाग के 2 आवेदन प्राप्त हुए।

### कांग्रेस सरकार में नियुक्त एक ने दिया इस्तीफा

# 25 समितियों के प्राधिकृत अधिकारी हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले के 25 सेवा सहकारी समितियों में कांग्रेस सरकार द्वारा बिठाए गए प्राधिकृत अधिकारियों की सेवा समाप्त कर दी गई है। जिसमें से 1 ने स्वयं इस्तीफा दे दिया था। वही 1 अन्य ने नियुक्ति होने के बाद पदभार ग्रहण नहीं किया था। जब तक नए प्राधिकृत अधिकारियों के नियुक्त नहीं हो जाती तब तक सहकारी निरीक्षक कार्यभार संभालेंगे।

सरकार बदलते ही सेवा सहकारी समितियों के प्राधिकृत अधिकारी हटा दिए गए हैं। इस संबंध में सहायक पंजीयक सहकारिता संस्थायें कार्यालय से 15 दिसम्बर आदेश जारी कर जिले के 25 सेवा सहकारी समितियों के प्राधिकृत अधिकारियों की सेवायें समाप्त कर दी गई है। कांग्रेस सरकार अपने कार्यकाल के लगभग अंतिम दौर



में नियुक्ति की थी। लगभग 1 साल पहले सभी सोसाइटियों में प्राधिकारी अधिकारी की नियुक्ति की गई थी। प्राधिकृत अधिकारी एक साल ही काम कर पाए। एक धान खरीदी करने के बाद दूसरी खरीदी अभी शुरू हुई है और इन्हें पद से हटना पड़ रहा है। वैसे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद इन्हें पद से हटाए जाने की आशंका पहले ही जताई जा रही थी। अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इसे कार्य रूप में लागू करना शुरू कर दिया है। राजनीतिक क्षेत्र में इस बात की चर्चा है कि लोकसभा चुनाव तक सरकार प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अपना काम चलाएगी। उसके बाद सेवा सरकारी समितियों में संचालक मंडल का चुनाव करायेगी।

**समितियों के लिए आदेश जारी**

सेवा सरकारी समितियों से प्राधिकृत अधिकारी की नियुक्ति समाप्त करने संबंधी आदेश समितियां में जारी कर दिया गया है। एक–दो दिन में सभी समितियों से प्राधिकृत अधिकारी की जगह पंजीयक के अधिकारी कार्यभार संभाल लेंगे। जानकारी के मुताबिक आगामी लोकसभा चुनाव तक सेवा सहकारी समितियों में चुनाव नहीं हो सकता। लेकिन प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति सरकार कर सकती है कांग्रेस की तर्ज पर भारतीय जनता पार्टी भी अपने कार्यकर्ताओं को उपकृत करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी बना सकती है। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद संचालक मंडल का चुनाव कराए जाने की अटकलें हैं।

# महिला को डरा धमकाकर 75 हजार रुपए के जेवरात की लूट

**मुंगेली।** नगर में अज्ञात लूटेरों ने महिला को डरा धमकाकर 75 हजार रूपये के जेवरात को लूट की घटना को अंजाम दिया है। मारपीट की धमकी एवं डरा धमका कर महिला के गले का सोने का माला, कान का सोने का टाप्स चेन वाला एवं चांदी का करधन को अज्ञात व्यक्तियों ने जबरदस्ती लूट की घटना को अंजाम दिया। महिला की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 34, 392 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।

नगर में महिलाओं को बातों में उलझाकर ठगी की घटना को अंजाम देने वाले ठग गिरोह सक्रिय है। पटवापारा राजेन्द्र वार्ड निवासी पुसई बाई पति पुसउ राम देवांगन महामाई मंदिर के पास पुत्रीशाला मे खाना बनाने का काम करती है। 16 दिसम्बर को लगभग 2.30 बजे पुत्री शाला से गोल बाजार होते हुये अपने घर पैदल जा रही थी। गोलबाजार से ही दो अज्ञात व्यक्ति उसके पीछे आ रहे थे। महिला जब बालानी चौक अमर फोटो फ्रेम के पास पहुंची, तो उसे बातों में उलझाकर मारपीट की धमकी देकर डरा धमका कर मलाईघाट के पास गुपचुप दुकान तक लेकर गये। वहां महिला के गले के सोने का माला, कान के सोने का टाप्स चेन वाला एवं चांदी का




करधन को जबरदस्ती लूट लिये। अज्ञात व्यक्तियों ने कान का टाप्स 1 तोला करीब, गला का माला पत्ती 1 तोला करीब और करधन 25 तोला किमती करीब 75 हजार रूपये के जेवरात को लूट की घटना को अंजाम दिया। एक पखवाड़े पूर्व नया बस स्टैण्ड के पास भी एक महिला के साथ अज्ञात व्यक्ति ने महिला को अपनी बातों में उलझाकर एवं घरेलू समस्या को दूर करने की समझाइश देते हुए उसे अपने पहने हुए सभी जेवरों को उसके पास छोड़ देने की बात कही गई। उसकी बातों को सुन महिला घबराकर पास ही अपने रिश्तेदार के घर चली गई। जिससे ठगी का शिकार होने से महिला बच गई।

## दाऊपारा स्कूल में प्रश्नोत्तरी, निबंध प्रतियोगिता



**मुंगेली।** महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में किया गया। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डा. आईपी यादव ने कहा कि रामानुजन के गणित विषय के ज्ञान से प्रेरणा लेकर हमें अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारण करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। विद्यार्थियों को मानव जीवन में गणित विषय का महत्व बताते हुए उनके जीवन से जुड़ी हुई बातों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। अंग्रेजी एवं हिंदी दोनों माध्यम के कक्षा 9वी से 12वीं तक के विद्यार्थियों का क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त क्विज प्रतियोगिता में अंग्रेजी माध्यम मे प्रथम स्थान आयुष खुसरो कक्षा 12वीं एवं द्वितीय स्थान अनुष्का सोनी कक्षा 9वीं तथा हिन्दी माध्यम में प्रथम स्थान विश्वनाथ बर्मन कक्षा 11वीं एवं द्वितीय स्थान वैदेही साहू कक्षा 9 वीं रही। इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में अंग्रेजी माध्यम मे प्रथम स्थान –ष्टि शर्मा कक्षा 10वीं एवं द्वितीय स्थान श्वेता लहरे कक्षा 10वीं तथा हिन्दी माध्यम से प्रथम स्थान संध्या यादव कक्षा 11वीं एवं द्वितीय स्थान स्वीटी पाटले कक्षा 10 वीं। इस अवसर पर व्याख्याता पंकज मिश्रा, राहुल वर्मा, पुष्पांजली कोशले, पारूल ओझा, वंदिता गुप्ता, व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू उपस्थित रहे।

## डीईओ ने बच्चों को किया पुरस्कृत

**मुंगेली।** राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर शाला प्रांगण बीआरसाव शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में गणित दिवस का आयोजन स्कूल की प्रधानपाठिका शकुंतला राजपूत की उपस्थिति में किया गया। बच्चों द्वारा गणित शिक्षक मनाकृष्ण चंद्राकर, तृप्ति सोनी एवं अनिला दीक्षित के मार्गदर्शन में गणिल के विभिन्न मडलों का निर्माण एवं प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के मध्य में जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जीएल चतुर्वेदी एवं बीआरसी श्री डाहिरे ने बच्चों से गणित एवं अन्य क्षेत्रें से संबंधित विभिन्न सवाल किए। जिसका जवाब बच्चों ने बड़े ही सरल एवं सहज तरीके से दिया। इस जवाब के लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को उत्साहवर्धन स्वरूप पेन देकर पुरस्कृत किया गया तथा भविष्य में कठिन मेहनत करने का सलाह दिया गया। अंत में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा भविष्य में स्कूल आकर बच्चों को सरल एवं सहज तरीके से गणित को समझाने का वादा किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी स्टाफ लक्ष्मण साहू, संतोष साहू, रविराज आडिल, रोहिल दिवाकर, आशीष सोनी, राजू देवांगन, बृजेश पाठक, एफएस जगत, रूपेन्द्र डहरिया, टिकांत रात्रे, अरविंद पांडे, एवं सोनकर कालेज के डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्रध्यापक व स्कूल के समस्त विद्यार्थी उपस्थित।



## प्रकरणों का करें शीघ्र निराकरणः कलेक्टर



**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर नामांकन, सीमांकन, खाता विभाजन, आय, जाति, निवास तथा भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलवार नामांकन, खाता विभाजन, अभिलेख दुरुस्ती आदि राजस्व मामलों की गहन समीक्षा की और कहा कि कामकाज में कसावट लाने सभी अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्य करने संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर तहसीलों का निरीक्षण करने के लिए भी निर्देशित किया। कलेक्टर श्री देव ने राजस्व अधिकारियों को अपने कार्यों का मूल्यांकन करते हुए स्मार्ट तरीके से पूरी तत्परता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि जमीनी स्तर पर बेहतर काम दिखे। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारियों का मूल कार्य राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण कर आम जनता को राहत पहुंचना है। लोग बड़ी उम्मीद के साथ अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए कार्यालय पहुंचते हैं, इसे ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी अपने निर्धारित दायित्वों का पूरी तत्परता और ईमानदारी से निर्वहन करें। कलेक्टर ने जिले में अवैध उत्खनन और अतिक्रमण के संबंध में भी जानकारी लेते हुए अधिकारियों को सख्ती से कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि जिले में धान की खरीदी सुचारू रूप से संचालन के लिए राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों का दौरा करें।

## सुरेठा सशिमं में सात दिवसीय विशेष शिविर

**मुंगेली।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के द्वारा ग्राम सुरेठा में सात दिवसीय विशेष शिविर 21 से 27 दिसम्बर तक आयोजित किया गया है। ग्राम सुरेठा के सरपंच राधेश्याम निषाद मुख्य अतिथि, मुकेश उपाध्याय की अध्यक्षता में शिविर का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी सतीश बघेल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व, चेतना, स्वप्रेरित, अनुशासन के साथ श्रम के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न करना बताया। विद्यार्थी अपने रिक्त समय का उपयोग कर समाज सेवा के माध्यम से वास्तविक परिस्थियों से साक्षातकार भी करते है, जिससे उनके व्यक्तत्वि का विकास हो। समूह में रहकर कार्य करना, स्वयं को समझना, सामाजिक दायित्व एवं नागरिक बोध का



विकास करना, समस्याओं को समझना और उनका व्यवहारिक निराकरण ढुढंने में शिक्षा और ज्ञान का उपयोग करना बताया। मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंचस्थ अतिथियों का परिचय और संचालन दल नायक जितेंद्र साहू ने किया, ओम क"यप और सत्यम ने मंचस्थ अतिथियों का तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

### विकलांगता प्रमाण पत्र बनेगा आज

**करगी रोड कोटा।** बिलासपुर कलेक्टर के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा में शनिवार की सुबह 11.30 बजे नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. मल्लिकार्जुन , मनोराग विशेषज्ञ डा. कतलम सिंह धुव्र, शिशु रोग विशेषज्ञ, एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में उपस्थिति रहेंगें। इसमें विकलांगता प्रमाण पत्र बनाया जाएगा l उक्ताशय की जानकारी देते हुए खण्ड चिकित्सा अधिकारी तथा प्रोग्राम ऑफिसर श्रीमती श्वेता सिंग ने आम जनों से अपील करते हुए सभी जरूरतमंद मरीज को जिला चिकित्सा बोर्ड का लाभ उठाने हेतु नगर तथा ग्रामवासियों से निवेदन किया गया है।

# बाइक की टक्कर से युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

ग्राम चारभाठा में विपरित दिशा कोदवाबानी की ओर से आ रही बाइक चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए राजेश ध्रुव एवं उसके भाई रवि ध्रुव को टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। दुर्घटना में राजेश ध्रुव को दाहिने पैर, सिर पीठ एवं रवि ध्रुव के कमर में चोट लगी। ग्रामीणों की सूचना पर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल मे ईलाज हेतु भर्ती किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 279, 337 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।

ग्राम बिजराकापा निवासी राजेश ध्रुव मिस्त्री मजदूरी का काम करता है। 4 माह पूर्व वह काम करने भिलाई गया था। वह अपने मोटर सायकल प्लेटिना क्रमांक सीजी 28 एन 9877 मे बैठकर अपनी मौसी के लड़का रवि ध्रुव के साथ वापस अपने घर आ रहा था। मोटर सायकल उसका भाई रवि ध्रुव चला रहा था। दोपहर लगभग 1 बजे ग्राम चारभाठा के स्कूल के पास पहुचा था। विपरित दिशा कोदवाबानी की ओर से आ रही बाइक पेसन प्रो क्रमांक सीजी 28 एल 1824 के चालक द्वारा अपने बाइक को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर उसकी बाइक को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे राजेश ध्रुव और उसके भाई रवि ध्रुव जमीन पर गिर गये।

एक्सीडेंट से राजेश ध्रुव के दाहिने पैर, सिर पीठ एवं रवि ध्रुव के कमर में चोट लगा। ग्रामीणों की सूचना पर घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल मे ईलाज हेतु भर्ती किया गया। राजेश ध्रुव की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 279, 337 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।



22 -DEC-REGNOL-Pg-6_Layout 1 12/22/2023 11:59 PM Page 1



ककक

## कलश यात्रा मल्हार पहुंचेगी कल

**मल्हार**। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के लिए देश वासियों को भी निमंत्रित किया जा रहा है, जिसके लिए लोगो को न्यौता देने अक्षत कलश देश के गाँव – गाँव, शहर-शहर जाएगा। इसी कड़ी में 24 दिसम्बर रविवार को कलशयात्रा मल्हार पहुचेगी, जिसकी अगुवाई करने नगरवासी मस्तूरी पहुचकर अक्षत कलश को विधि पूर्वक पूजन के बाद मल्हार लाएंगे। इस कार्यक्रम के लिए शुक्रवार को ठाकुरदेव चौक में बैठक कर सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई। कलश के नगर आगमन पर बस स्टैंड से भव्य शोभायात्रा के साथ मा डिडनेश्वरी मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी। इस बीच नगर में विभिन्न स्थानों में कलश की पूजा व स्वागत होगी। बैठक में कामता वर्मा, भुवनेश्वर निर्मलकर, सुशील चौबे, धर्मेंद्र सिंह, सुरेंद्र शर्मा, कमल अवस्थी, प्रेमप्रकाश तिवारी, बहोरन कैवर्त, राजकुमार वर्मा, मिथुन यादव, रोहित भैना, दीपेश तिवारी, नर्मदा भैना, नंद साहू, सुरेश कैवर्त, रामचरण कैवर्त, आशु कैवर्त, समारू बैगा सहित बड़ी संख्या में नगर के लोग उपस्थित थे।

## छग प्रदेश कर्मचारी संघ की बैठक कल

**बिलासपुर**। छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला शाखा की बैठक 24 दिसंबर को दोपहर 1 बजे विवेकानंद गार्डन के सामने कर्मचारी भवन में होगी। संघ के सचिव किशोर शर्मा ने बताया कि इस बैठक में संघ के केंद्रीय प्रबंध समिति रायपुर में 30 दिसंबर को होने वाली बैठक के साथ ही संघ के अन्य संगठनात्मक मुद्दों पर परिचर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। श्री शर्मा ने जिले के सभी प्रांतीय, संभागीय, जिला एवं तहसील कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## हार्वेस्टर सड़क किनारे पलटा, हेल्पर की मौत

**बिलासपुर**। धान मिंजाई कर लौट रहा हार्वेस्टर सड़क किनारे पलट गया, जिससे हेल्पर की मौत हो गई वहीं चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बिल्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत हाइवे मेनरोड पर मुढ़ीपार के पास शुक्रवार सुबह लगभग 4 बजे की है। मृतक हेल्पर के पिता दिलेश्वर चंद्रा ने इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वे ग्राम भोथिया जाटापारा जैजैपुर सक्ती में रहकर खेती किसानी का काम करते है। उनके दो बेटे हैं। बड़ा लड़का भरतलाल चंद्रा मजदूरी करता है। 21 दिसंबर को गांव के योगेश चंद्रा के हार्वेस्टर को लेने बेमेतरा जिला के उमरिया गांव गया था। वहां से हार्वेस्टर लेकर वापस घर वापस आ रहा था। हार्वेस्टर योगेश चला रहा था। आते समय 22 दिसंबर शुक्रवार सुबह 4 बजे ग्राम मुढीपार हाईवे मेन रोड के पास हार्वेस्टर को तेजी और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अनियंत्रित कर रोड के नीचे गड्ढे में पलटा दिया। इसमें बैठे भरत लाल चंद्रा की गाड़ी में दबने से मौत हो गई। हार्वेस्टर चालक योगेश के सिर में चोट लगी है। मामले में मृतक भरतलाल चंद्रा के पिता दिलेश्वर चंद्रा की रिपोर्ट पर पुलिस ने हार्वेस्टर क्रमांक सीजी 13 डब्ल्यू 2215 के चालक योगेश चन्द्रा के खिलाफ धारा 279, 304-ए, 337 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### सांसदों के निलंबन के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

# हार के बाद एकजुट दिखे कांग्रेसी, दूसरे दल के नेता व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



प्रदर्शन में शामिल कांग्रेसजन।

विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस नेताओं ने एकजुटता दिखाई। इंडिया एलायंस गठबंधन के बैनर तले कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने धरना देकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला लेकिन, इस आयोजन में आम आदमी पार्टी, बसपा समेत अन्य पार्टियों के नेता और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति काफी कम रही।

दरअसल, विधानसभा चुनाव में हार के बाद केंद्र सरकार के खिलाफ इंडिया अलायंस गठबंधन का यह पहला विरोध-प्रर्दशन रहा। जिसमें राजनीतिक दलों के नेताओं में एकजुटता नजर नहीं आई। ज्ञात हो कि पिछले दिनों 143 सांसदों के निलंबन के विरोध में इंडिया अलायंस गठबंधन ने दिल्ली में बैठक लेकर पूरे देश भर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का आह्वान किया था। विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस का यह पहला धरना प्रदर्शन रहा। इसमें जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ ही विधायक, पूर्व विधायक सहित सभी नेताओं की मौजूदगी रही। इस दौरान कांग्रेस शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि आज देश के सामने सबसे बड़ी समस्या है लोकतंत्र की रक्षा करना । उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह घटना सोची समझी प्लानिंग का हिस्सा है। विपक्ष इन्हीं सब मुद्दों पर संसद में चर्चा कराना चाहता है तो प्रधानमंत्री, गृहमंत्री क्यों मना कर रहे हैं। इस धरना प्रदर्शन में बैजनाथ चन्द्राकर, आर मुखोपाध्याय, नंद कुमार कश्यप, लल्लन सिंह, पवन शर्मा, महेंद्र गंगोत्री, अभय नारायण राय, नरेंद्र बोलर, प्रमोद नायक, शिव बालक कौशिक, विनोद साहू, लक्ष्मी साहू, मोती ठारवानी, शिल्पी तिवारी, महेश दुबे, राजेन्द्र धीवर, चित्रकान्त श्रीवास आदि ने भी सम्बोधित किया। धरना में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, महापौर रामशरण यादव ,पूर्व विधायक बैजनाथ चन्द्राकर, सियाराम कौशिक,शैलेश पांडेय, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी,राजेश पांडेय, अभय नारायण राय ,रविन्द्र सिंह,शिवा मिश्रा, राजेन्द्र शुक्ला, स्वप्निल शुक्ला, पंकज सिंह,स्वर्णा शुक्ला, शिल्पी तिवारी आदि उपस्थित थे।

### ऐसी घटनाएं भाजपा के समय में ही क्यों होती हैं विजय

ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि संसद में हमला लोकतन्त्र पर हमला है और ऐसी घटनाएं भाजपा के समय में ही क्यों होती हैं। देश के अंदर जब भी तंकी हमले हुए सत्ता में भाजपा थी। यह सारी घटनाएं बड़ी साजिश की ओर इशारा करती हैं।

### कुछ तो है जिसे केंद्र सरकार छिपाना चाहती है : अटल

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि



कुछ तो राज है जिसे केंद्र सरकार छिपाना चाहती है , नहीं तो संसद की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को बहस कराने से क्यों एतराज है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सांसद भी संसद की सुरक्षा को चिंतित है। जब तीन लेयर की सुरक्षा को भेद कर साथ मे गैस केन को लेकर जाना एक गम्भीर विषय है। जहरीली गैस होती तब सांसदों का क्या होता।



## जिला कांग्रेस कमेटी का केंद्र सरकार के खिलाफ धरना

**पेंड्रा**। केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा लोकतंत्र पर हमला करते हुए लोकसभा एवं राज्यसभा विपक्ष के 142 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इसके विरोध में पूरे देश में इंडिया अलायंस द्वारा 22 दिसंबर को धरना प्रदर्शन का आहवान किया गया था, जिसके तहत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला मुख्यालय में दोपहर 12 से 3 बजे तक धरना प्रदर्शन आयोजित कर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज किया गया। सभी वक्ताओं ने भाजपा शासन के खिलाफ आवाज उठाई, जिसमें जिलेभर के सैकड़ो कांग्रेसी उपस्थित हुए। सभी ने एक स्वर में केंद्र की नीति महंगाई और तानाशाही रवैया के खिलाफ वक्ताओं ने जमकर आक्रोश व्यक्त किया। हिटलर और मुसोलिनी की तरह वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री द्वारा कार्य किया जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए घातक है। विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है और आवाज उठाने वालों के ऊपर ईडी की कार्रवाई कराई जा रही है। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, पूर्व विधायक डॉक्टर केके ध्रुव, श्रीमती अर्चना पोर्ते, डॉक्टर नरेंद्र राय, अशोक शर्मा, पंकज तिवारी, पुष्पराज सिंह, प्रकाश केसरी, वैभव तिवारी, अमोल पाठक, अफसर खान, गजमती भानु, ममता पावले, सुखदेव सिंह ग्रेवाल, रेखा तिवारी, गिरजा रानी पोट्टम, मालती वकारे, मो.सादिक खान, अरुण जयसवाल, ममता पैकरा, शंकर कवर, अजय राय, प्रशांत श्रीवास, सहाना बेगम, संतोष मलैया, लालबहादुर सिंह, रामरतन पेंद्रो, संतोष ठाकुर, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, रमेश साहू, पवन केशरवानी, मनीष दुबे, विशाल उरेती, भोला नायक, प्रीति माझी, राजेश यादव, अमित पाठक, हरीश राय, इंद्रिश अंसारी, रियांस सोनी, निलेश साहू, यश शर्मा, कुकू साठे, शुभम मिश्रा, उमा पाव, कुंवर सिंह, तेजकुंवर सिंह, कौशल राठौर, राजेश कुमार, शुभम सिंह बघेल, नवल लहरे आदि मौजूद थे।

## कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन कर जताया विरोध



**जरहागांव**। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला स्तरीय एकदिवसीय धरना प्रदर्शन जरहागांव ब्लॉक के बस स्टैंड जरहागांव में आयोजित हुआ, जिसमें केंद्र की भाजपा मोदी सरकार के द्वारा देश की लोकतंत्र पर अभूतपूर्व हमला करते हुए संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के 146 सांसदों को निलंबित कर लोकतंत्र की हत्या करने की साजिश के खिलाफ जिला स्तरीय एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया। कांग्रेसियों ने केंद्र में बैठी भाजपा की मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सब हमेशा किसानों के साथ हैं, कांग्रेस किसानों के नौजवानों के साथ है। महिलाओं के के हित में साथ हैं। कांग्रेसियों ने सड़क से संसद तक की लड़ाई में हमेशा साथ हैं। आने वाले समय में भी सभी लोगों के साथ हैं। भाजपा के घोषणा पत्र जो कहा है उसे अमल करने में विफल रहेगा। हमेशा भाजपा किसान विरोधी रही है और किसानों को न्याय दिलाने में कांग्रेस हमेशा आगे रहे है। बस स्टैंड जरहागांव में सभी कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की भाजपा की मोदी सरकार और प्रदेश में भाजपा के सरकार के विरोध में पुरजोर विरोध करते हुए नारे लगाए। इस दौरान संजीत बनर्जी कांग्रेस प्रत्याशी रामचन्द्र साहू, लोकराम साहू स्वतंत्र मिश्रा, नरेश पाटले ब्लॉक अध्यक्ष, दिलीप बंजारा , केशव आंचल, रामकुमार साहू, टेकलाल निर्मलकर, ईश्वर मन्नाडे, निरंजन साहू, सूरज यादव, नामदेव बंजारा, धनुष सेन, मनोज सोनकर, विनय यादव, प्रकाश टोंडे, गणेशाराम गेंदले, रमेश सिंह राजपूत, रामेश्वर खांडे, बृजेश सिंह, नौशाद खान, देवकुमार साहू, अंकित मसीह, संजय कुर्रे, लखनलाल साहू, निहाल मसीह, दिलीप मसीह, कन्हैया कश्यप, शैलेंद्र साहू आदि उपस्थित रहे।

## सेजेस में गणितज्ञ दिवस का आयोजन



**लोरमी**। आत्मानन्द इंग्लिश स्कूल लोरमी में शुक्रवार को विश्व के महानतम गणितज्ञ निवास रामनुजन की जयंति पर गणित दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अरुण जायसवल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत संचालिका पियूषा चौधुरी ने बेहद रोचक अंदाज में प्रश्नों की लड़ी से किया। उन्होंने प्रतिभागियों से 3 राउंड में गणित के प्रश्न पूछे। प्रथम तीन राउंड में टाई रहने के कारण अंतिम एक प्रश्न पूछकर विजेता घोषित किया गया। प्रथम स्थान पर कक्षा 10वीं के पीयूष जान्हवी, द्वितोय स्थान पर कुमारी हंसिका राजपूत कक्षा 9वीं रही। प्राचार्य अरुण जायसवल ने उद्बोधन में गणित का एक प्रश्न पूछकर बच्चों को आचंभित कर दिया।

## खम्हलीखुर्द स्कूल में वितरण किए गए गर्म कपड़े



**पेंड्रा**। समर्थ महिला जागृति समिति पेण्ड्रा के सौजन्य से शासकीय प्राथमिक शाला खम्हली खुर्द में गर्म कपड़े वितरित किए गए। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल, सचिव सुश्री मीना शर्मा, कोषाध्यक्ष शिल्पा जैन, संरक्षिका सत्यभामा गोयल, श्रीमति गुलाब द्विवेदी, रेखा राजपूत, कविता थदलानी, ज्योति शुक्ला, विद्या राठौर, बीनू जैन, शिवानी जलान, रुपा पोद्दार, रचना जायसवाल, निशा पाण्डेय, दुर्गा गुप्ता, नीलम गुप्ता, ज्योति तिवारी, स्वप्निल पवार रहीं।

## चेंबर के साथ बैंक का गेट टु गेदर




**पेंड्रा**। एचडीएफसी बैंक द्वारा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जीपीएम के पदाधिकारियो एवं सदस्यों का बैंक परिसर में गेट टुगेदर रखा गया, जिसमें जिले के सभी व्यापारी एवं उद्योगपतियों के हितों के लिए सभी प्रकार के योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर चैंबर के जिलाध्यक्ष मनीष केसरी के साथ मुख्य रूप से नंदन केशरवानी, विजय साहू, आनंद गोयनका, विकास जायसवाल, अशोक केसरी, हर्ष गोयल, धीरज गोयल, शरद गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, रवि केसरी, प्रवीन मलानी, पीयूष छाबरिया, अमित साहू, चंदन मिश्रा, दीपक सोनी, रवि केशरवानी आदि उपस्थित थे।

## अवैध उत्खनन-परिवहन में लगे 10 वाहन जब्त

**बिलासपुर**। खनिज अमले ने अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामले में कार्रवाई करते हुए 10 वाहनों को जब्त किया है। सभी वाहनों पर खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

खनिज विभाग के अनुसार मस्तूरी, सरकंडा एवं लाल खदान क्षेत्रों में सतत निरीक्षण कर अवैध खनिज परिवहन कर रहे कुल 4 वाहनों को जब्त कर खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इनमें 2 वाहनों में रेत, 1 वाहन में चूना पत्थर (गिट्टी), 1 वाहन में मिट्टी (ईट) का अवैध परिवहन किया जा रहा था। उक्त सभी वाहनों को थाना कोनी, थाना सरकंडा एवं खनिज जांच नाका लावर (मस्तूरी) में सुरक्षार्थ रखा गया है। इसके साथ ही ग्राम बुटेना एवं दर्रीघाट क्षेत्र में जांच के दौरान अवैध उत्खनन कर रहे 2 प्रकरणों पर कार्यवाही की गई। ग्राम बुटेना



क्षेत्र में अवैध मिट्टी मुरूम उत्खनन के 1 प्रकरण दर्ज कर 2 हाइवा, 1 जेसीबी तथा दर्रीघाट क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन में 1 प्रकरण दर्ज कर 2 ट्रेक्टर जब्त कर खनिजमय वाहनों पर खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### दो दिन पहले भी जब्त किए थे 11 वाहन

खनिज विभाग के अफसरों ने बताया कि शहर के आसपास लगातार जांच की जा रही है। बीते पांच दिनों से खनिज विभाग मैदानी इलाकों में सक्रिय है। अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है।

## विशेष शिविर के छठवें दिन सेमरदर्री में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**भर्रीडांड़**। वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मरवाही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस पर ग्राम पंचायत सेमरदर्री में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार के नाटक, नृत्य, संगीत के माध्यम से समाज को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति,मतदाता जागरूकता,शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा और अंधविश्वास निवारण पर स्वयंसेवकों द्वारा नाटक का मंचन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य शुभम पेन्द्रो, विशिष्ट अतिथि के रूप में हायर सेकेंडरी स्कूल सेमरदर्री के प्राचार्य अनिल राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी शिक्षक सेमरदर्री स्कूल श्रीमती संगीता कौशिक सचिव, रविदास पंच, अरुण साहू कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भंवर सिंह पोर्ते कॉलेज मरवाही महाविद्यालय, सेजेस मरवाही से कार्यक्रम अधिकारी विनोद पोर्ते एव आरके सोनवानी व्याख्या,महाविद्यालय के प्राचार्य लोक सिंह सर, सूर्यभान सिंह पैकरा, एनएल सोनल,कार्यक्रम अधिकारी उत्तम चंद्राकर, कृष्णा कुमार देवांगन, रंजीता सिदार, सुषमा बंजारे, सीएस मरावी एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय रासेयो.परिवार के मुखिया और समन्वयक डॉ.मनोज सिन्हा का भी आगमन हुआ। अतिथियों ने शानदार प्रस्तुति तथा स्वयंसेवको द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन स्वयं सेवक चैनसिंह एवं कुमारी अंजना यादव ने किया।

आयोजन में स्वयंसेवक भूपेश श्रीवास, उमा भारती, लक्ष्मीबाई, काजल रैदास, रितु रैदास, पीयूष ताम्रकार, प्रकाश कुमार, राहुल दास, तनु श्रीवास, यशोदा ओट्टी, कमलेश्वरी राव, साधना प्रधान, प्रिया साकेत, शीतल केवट, संध्या पाव, राखी रजक एवं समस्त स्वयंसेवक, सेविकाओं की पूर्ण भागीदारी एवं सहभागिता रही।



## मॉडल प्रतियोगिता में तनवी और अंजली प्रथम



**मरवाही**। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यालय मरवाही में अधिवक्ता किशन सिंह ठाकुर , महेंद्र शुक्ला और जिला पंचायत सदस्य शुभम पेन्द्रो की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गणित दिवस शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, चार्ट और मॉडल की प्रदर्शनी से बच्चों ने गणित के महत्व को समझाया। संस्था प्रधान स्नेहलता शुक्ला एवं प्रधानपाठक विभा कुमारी ने प्रदर्शनी में लगाए चार्ट और मॉडल का मुआयना किया। गणित के व्याख्याता सुरेश बोरकर ने बच्चों को रामानुजन की जीवनी के बारे में बताया। उन्होंने गणित के दैनिक जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला कि कैसे गणित विषय बच्चों के मानसिक विकास और तर्कशीलता को विकसित करता है। चार्ट और मॉडल के प्रतियोगिता मे प्रथम तनवी, अंजली, द्वितीय आर्या, नैंसी, हर्ष, तृतीय छवी, अराध्या, तान्या ने स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग के प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान थीटा ग्रुप आदित्य, छवि, लवली, हर्ष और द्वितीय स्थान बीटा ग्रुप जिज्ञासा, वेदांश, शारदा, अवी ने हासिल किया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इनाम भी दिए गए।

## दोस्त से मिलने पहुंचे युवक की पिटाई

**बिलासपुर**। इंस्टाग्राम में हुई दोस्ती के बाद दोस्त से मिलने शहर पहुंचे युवक को दोस्त तो नहीं मिली, लेकिन उसकी बेल्ट और डंडा से पिटाई कर दी गई। युवक ने सरकंडा थाने पहुंच मामले में शिकायत दर्ज कराई है। जांजगीर चांपा जिला के कोटमीसोनार गोंड़पारा मस्जिद के पास रहने वाला इमरान खान पिता रफीक खान 22 वर्ष गुरूवार को बिलासपुर काम की तलाश में पहुंचा था।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## एकल नृत्य में प्रथम स्थान पर रही राखी

**सरगांव**। संकुल केंद्र चुनचुनिया के तत्वावधान में संकुल स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में संकुल क्षेत्र के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के बालक बालिकाओं ने अपनी सहभागिता दी। संकुल प्राचार्य निहारिका रामटेक द्वारा खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

आयोजन के तृतीय दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक शाला स्तर पर एकल नृत्य में प्रथम स्थान पर राखी साहू प्राथमिक शाला सांवतपुर, समूह नृत्य में प्रथम स्थान पर पंथी नृत्य प्राथमिक शाला सल्फा द्वितीय स्थान पर बस्तरिहा नृत्य प्राथमिक शाला



सल्फा, पूर्व माध्यमिक शाला स्तर पर एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चंद्रकुमारी पूर्व माध्यमिक शाला चुनचुनिया रही। समूह नृत्य में प्रथम स्थान पर उमेश्वरी ध्रुव एवं साथी पूर्व माध्यमिक शाला चुनचुनिया, द्वितीय स्थान पर छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य पूर्व माध्यमिक शाला सल्फा, हायर सेकेण्डरी स्तर पर प्रथम स्थान पर छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रियंका एवं साथी , द्वितीय स्थान पर शारदा एवं साथी हायर सेकेण्डरी स्कूल चुनचुनिया रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य राजकुमारी नेताम ,सरपंच संतोषी निषाद, संकुल प्राचार्य निहारिका रामटेके के द्वारा पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता में रामकुमार राजपूत राज्यपाल शिक्षक सम्मान प्राप्त सेवानिवृत्त प्रधानपाठक एवं पूनम शर्मा के द्वारा निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया गया। कार्यक्रम का संचालन भूपेन्द्र कुमार लाल एवं आभार प्रदर्शन सीएसी भगवती प्रसाद मिश्र द्वारा किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में मेवा लाल ध्रुव,चुड़ामणी कौशिक,राजेश राजपूत, मनोज कुमार कुर्रे, रमेश कुमार वर्मा,विजय कुमार साहू के द्वारा निर्णायक का कार्य सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संपत खैरवार, बलदाऊ प्रसाद कौशिक, किरन शर्मा, प्रमिला चतुर्वेदी, लक्ष्मी ध्रुव, पुष्पा निषाद, अनिता लहरे, अमित कुमार खटकर, जेम्स टोप्पो की विशेष भूमिका रही।

